हाईकोर्ट में अहम सुनवाई



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




*छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी करार दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने उन्हें तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने सीबीआई के साक्ष्य को स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया है।*

# जग्गी हत्याकांड में अमित जोगी जाएंगे जेल, तीन हफ्ते में सरेंडर का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



सीबीआई के वकील वैभ व गोवर्धन ने कहा कि जिन साक्ष्यों के आधार पर अन्य आरोपियों को सजा हुई थी उन्हीं साक्ष्यों के आधार पर अमित जोगी के खिलाफ उपलब्ध तथ्यों पर कोर्ट ने पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया था। वहीं फैसले पर अमित जोगी ने कहा है कि हाईकोर्ट ने पूरी सुनवाई का मौका दिए बिना उन्हें दोषी ठहरा दिया, जो उनके लिए अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान सतीश जग्गी ने कोर्ट को बताया कि उनके पिता की हत्या एक राजनीतिक साजिश के तहत कराई गई थी। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सबूत अहम नहीं हैं, बल्कि षड्यंत्र का पर्दाफाश जरूरी

*इससे पहले हाईकोर्ट में अपील पर रामावतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी के अमित जोगी की दोषमुक्ति के खिलाफ पेश क्रिमिनल अपील पर उनके अधिवक्ता बीपी शर्मा ने तर्क दिया था। उन्होंने बताया था कि हत्याकांड की साजिश तत्कालीन राज्य सरकार की ओर से प्रायोजित थी। जब सीबीआई की जांच शुरू हुई, तब* ▶▶| शेष पेज 6 पर

ढाई दशक में नक्सलियों ने 1778 निरपराध लोगों को मारा, जन अदालत में भी कई को सजा

नक्सलियों ने जनअदालत में गोली मारकर तथा आईईडी लगाकर कर बहुत से लोगों को मारा

# लाल आतंक में 104 जनप्रतिनिधियों के साथ व्यापारी-पत्रकारों की भी बलि!

*लगभग चार पांच दशक से भी अधिक समय से बस्तर के सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने वाला नक्सलवाद तकरीबन समाप्त हो गया है, ऐसे में इस लाल आतंक में बलि चढ़ चुके उन निरपराधों का जिक्र भी लाजिमी है, जिनको इसलिए मार डाला गया क्योंकि वे माओवाद की क्रूरता के खिलाफ थे। इनमें निर्दोष सैकड़ों ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधियों, पत्रकार, शासकीय कर्मचारी, ठेकेदार व व्यापारी शामिल हैं। आईजी सुंदरराज पी के अनुसार इन वर्षों में 104 जनप्रतिनिधि, 39 शासकीय कर्मचारी, 6 ठेकेदार, 2 व्यापारी तथा 3 पत्रकारों की हत्या हुई है।*

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि लगातार

गौरतलब है कि 1967 में जो चिंगारी बंगाल के नक्सलबाड़ी में फूटी थी उसने वर्ष 2026 आते आते बस्तर के जंगलों को आग में बदल दिया। इस आग ने हजारों जिंदगियां लीं, अनगिनत घर उजाड़े, और एक पूरे क्षेत्र को बदल कर रख दिया। नक्सलियों की इन वारदातों को कम करने व पूरी तरह देश को नक्सलमुक्त करने के लिए बस्तर ओलम्पिक 2024 के मंच से देश के गृहमंत्री अमित शाह ने एक ऐसा बयान दिया, जिसने इस कहानी को एक तय समयसीमा दे दी। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा, यह पहली बार था जब इस लंबे संघर्ष के अंत की एक तारीख सामने आई, एक ऐसा वादा, जो सिर्फ शब्द नहीं बल्कि दशकों से चली ▶▶| शेष पेज 6 पर








### 2010 में चिंगावरम आईईडी ब्लास्ट किया

16 मई 2010 के शाम की थाना गादीरास से थाना प्रभारी के हमराह कुल 104 का बल सुकमा से रात में गस्त सर्चिंग के लिए ग्राम धनीकर्ता, मुचवार व कुरमागोंदी की ओर रवाना हुये थे। गश्त व सर्चिंग कर दोपहर बाद भूसारास वापस आए। शाम लगभग 4 बजे बजे दंतेवाड़ा तरफ से अश्वनी राजकुमार की बस से वापस आते समय लगभग चिंगावरम से आगे पुलिया के पास पहुंची पहले से ही घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने विस्फोट से बस ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सूचना प्रवाह रोकने कर्मियों व पत्रकारों को मारा

आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के अलावा अन्य महत्वपूर्ण हितधारक भी नक्सली हिंसा से प्रभावित हुए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार नक्सली घटनाओं में 39 शासकीय कर्मचारियों, 6 ठेकेदारों, 2 व्यापारियों तथा 3 पत्रकारों की भी हत्या की गई है। यह घटनाएं इस बात को दर्शातीं हैं कि उग्रवादी तत्व विकास कार्यों को बाधित करने, प्रशासनिक व्यवस्था को कमजोर करने और सूचना के प्रवाह को रोकने के उद्देश्य से इन वर्गों को भी निशाना बनाते रहे हैं।

### नक्सली घटनाओं में 738 नागरिक गंभीर रूप से नागरिक घायल हुए...

*अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार बीते वर्षों में बस्तर रेंज में नक्सली हिंसा के कारण आम नागरिकों तथा अन्य गैर लड़ाकू हितधारकों को गंभीर रूप से पीड़ति होना पड़ा है। इस अवधि में नक्सली घटनाओं में कुल 738 नागरिक घायल हुए, जो संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले सामान्य लोगों पर पड़े भारी मानवीय प्रभाव को दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2006 में 148 नागरिक घायल हुए, इसके बाद 2007 में 66 तथा 2008 में 45 नागरिक घायल हुए यह वहीं दौर था जो उस समय नक्सली हिंसा की तीव्रता को दर्शाता है। हालांकि निरंतर सुरक्षा अभियानों बेहतर प्रशासनिक पहुंच तथा विकासात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप बाद के वर्षों में ऐसी घटनाओं में क्रमशः कमी आई है, फिर भी बीच-बीच में होने वाली घटनाओं में नागरिक प्रभावित* ▶▶| शेष पेज 6 पर

'सिम-बाइंडिंग' की समयसीमा 31 दिसंबर तक बढ़ी

# हर 6 घंटे में लॉगआउट नहीं होगा व्हाट्सएप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने व्हाट्सऐप, टेलीग्राम, सिग्नल जैसे मोबाइल संदेश ऐप के लिए 'सिम-बाइंडिंग' नियम लागू करने की समयसीमा 31 दिसंबर तक बढ़ा दी है। पहले जारी निर्देशों में संदेश मंच के वेब संस्करण से छह घंटे बाद उपयोगकर्ताओं को स्वतः लॉग-आउट करने का प्रावधान था। इससे अब राहत मिल गई।

### कानूनी वैधता पर सवाल


*ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम ने इस नियम की कानूनी वैधता पर सवाल उठाए हैं। बीआईएफ जो मेटा, गूगल जैसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। डीओटी सचिव अमित अग्रवाल को 23 फरवरी को लिखे* ▶▶| शेष पेज 6 पर

फिर उजागर हुई अंदरूनी कलह

# दफ्तर में भिड़े कांग्रेसी, मारपीट तोड़फोड़, बुलानी पड़ी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस में एक बार फिर अंदरूनी कलह उजागर हुई है। महासमुंद में कांग्रेस दफ्तर में महंगाई को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद कांग्रेसी ही आपस में उलझ गए। एक मौजूदा और एक पूर्व पदाधिकारी के बीच जमकर मारपीट हुई। जिलाध्यक्ष और



कईपदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई मारपीट के दौरान बीचबचाव करने गए कांग्रेसियों को चोटें भी आई है। विवाद के बाद कार्यालय में एक पदाधिकारी ने तोड़फोड़ भी की। नौबत यहां तक आ गई कि कार्यालय में पुलिस बुलानी पड़ी। दोनों पक्षों ने मामले की रिपोर्ट भी दर्ज कराई है।

जानकारी के मुताबिक कांग्रेस भवन में जिला उपाध्यक्ष विजय साव और पूर्व जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन के बीच पहले कहासुनी हुई जो ▶▶| शेष पेज 6 पर

नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्री रवाना

# 54 साल बाद फिर याद आए चंदा मामा

एजेंसी ▶▶| केप कैनवेरल (अमेरिका)

अमेरिका से चार अंतरिक्ष यात्री चांद की ओर रवाना हुए जो 54 साल बाद पहला मानवयुक्त चंद्र मिशन है। यह मिशन दो साल में चांद पर उतरने की अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) की कोशिश की शुरुआत है। अमेरिका के तीन और कनाडा के एक अंतरिक्ष यात्री को लेकर 32 मंजिला रॉकेट नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ, जहां इस नए युग की शुरुआत देखने के लिए दसियों हजार लोग एकत्र हुए थे। आसपास की सड़कें और समुद्र तट भी लोगों से खचाखच भर गए जिससे 1960 और 70 के दशक के अपोलो चंद्र ▶▶| शेष पेज 6 पर



### आर्टेमिस-2 क्यों है खास?

आर्टेमिस-2 इस पूरे कार्यक्रम का दूसरा और बेहद अहम मिशन है। यही वो मिशन है जो इंसानों को एक बार फिर चांद की दिशा में लेकर जाएगा। यह सीधे चांद पर लैंड नहीं करेगा, लेकिन चांद के आसपास उड़ान भरकर आगे के मिशनों की तैयारी करेगा।

### तीन साल पहले हुआ था आर्टेमिस 1 प्रक्षेपण

*आर्टेमिस 1 के प्रक्षेपण के बाद से तीन साल से अधिक समय बीत चुका है। उस समय आर्टेमिस 1 कैप्सूल में कोई भी मनुष्य सवार नहीं था। उसमें जीवन रक्षक उपकरण और पानी की व्यवस्था करने वाला यंत्र एवं शौचालय जैसी अन्य आवश्यक सुविधाएं मौजूद नहीं थीं। ये प्रणालियां आर्टेमिस 2 के जरिए अंतरिक्ष में पहली बार इस्तेमाल हो रही हैं।*

### 25 घंटे रहेंगे पृथ्वी के करीब

*अंतरिक्ष यात्री अपनी 10 दिवसीय परीक्षण उड़ान के पहले 25 घंटे पृथ्वी के करीब ही रहेंगे, पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में कैप्सूल की जांच करेंगे और फिर मुख्य इंजन को चालू करेंगे जो उन्हें चंद्रमा तक ले जाएगा। वे न तो चंद्रमा पर रुकेंगे और न ही उसकी परिक्रमा करेंगे, जैसा कि अपोलो 8 के पहले चंद्रयात्रियों ने 1968 की क्रिसमस की पूर्व संध्या पर किया था।*



**पश्चिम बंगाल** शुभेंदु के नामांकन में शामिल हुए गृहमंत्री शाह ने कहा

# 'मैं 15 दिन तक बंगाल में ही रहूंगा, ममता की होगी विदाई'



एजेंसी ▸▸ कोलकाता

केंद्रीय मंत्री अमित शाह गुरुवार को शुभेंदु अधिकारी के नामांकन में शामिल होने के लिए भवानीपुर पहुंचे और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने जोर देकर कहा कि 15 दिन तक यहीं रहूंगा। मैं शुभेंदु अधिकारी के नामांकन के लिए आया हूं। शुभेंदु अधिकारी की जीत बंगाल में परिवर्तन की नींव रखने वाली है।'शाह ने आगे कहा कि पिछली बार ममता बनर्जी नंदीग्राम में हार गई थीं और इस बार पूरा बंगाल में उन्हें हार का सामना करना पड़ेगा।

### ममता के घर के बाहर भिड़े भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ता

भवानीपुर की सड़कों पर जब अमित शाह का काफिला निकला, तो यह सिर्फ एक राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन नहीं था, बल्कि दो बड़ी पार्टियों के बीच सीधा आमना-सामना भी दिखाई दे रहा था। काफिले के दौरान BJP-टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी देखने को मिली। दोनों पक्षों के बीच जमकर नारेबाजी हुई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण स्थिति बिगड़ने से पहले ही काबू में कर ली गई।

### जनता बदलाव चाहती है : शुभेंदु

वहीं, भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि इस बार ममता बनर्जी चुनाव हारने वाली हैं। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव चाहती है और भाजपा राज्य में नई सरकार बनाने के लिए तैयार है। भवानीपुर सीट को लेकर इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प माना जा रहा है।



**केरल** दो की लड़ाई में तीसरी ताकत का दांव, 9 अप्रैल को होना है मतदान

# जिधर अल्पसंख्यक, वही सुल्तान 45% वोटर की खामोशी में छुपी चाबी

*केरल में सत्ता का रास्ता रबर के बागानों, चर्च की घंटियों और मस्जिदों की अजान से होकर गुजरता है। राज्य की राजनीति का गणित इस बार भी उन्हीं 45 प्रतिशत अल्पसंख्यक वोटों के इर्द-गिर्द सिमट गया है जो न केवल प्रभावी हैं बल्कि दर्जनों सीटों पर हार-जीत का फैसला करने की ताकत रखते हैं।*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुस्लिम और ईसाई समुदायों की यह भारी-भरकम हिस्सेदारी केरल को देश के सबसे दिलचस्प चुनावी मुकाबले में बदल देती है, जहाँ वोटों का मामूली झुकाव भी बड़े-बड़े दिग्गजों के समीकरण बिगाड़ सकता है। केरल की कुल आबादी में लगभग 26.60 प्रतिशत मुस्लिम हैं, जिनका सबसे गहरा प्रभाव मालाबार क्षेत्र के मलप्पुरम, कोझिकोड और कासरगोड जैसे जिलों में दिखता है। वहीं, लगभग 18.40 प्रतिशत ईसाई आबादी मध्य केरल के कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम में निर्णायक भूमिका में है। पारंपरिक रूप से कांग्रेस की अगुवाई वाला यूडीएफ इन वोटों का स्वाभाविक दावेदार माना जाता रहा है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में वामपंथियों की पैठ और भाजपा की सक्रियता ने इस किले में दरारें डाल दी हैं।



### वामपंथियों की रक्षक वाली छवि

मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाला वामपंथी गठबंधन (एलडीएफ) खुद को अल्पसंख्यक हितों के सबसे बड़े रक्षक के रूप में पेश कर रहा है। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर कड़ा रुख अपनाकर लेफ्ट ने मुस्लिम युवाओं और बुद्धिजीवियों के बीच अपनी जगह बनाई है। साथ ही, केरल कांग्रेस (मणि) को अपने साथ जोड़कर विजयन ने ईसाई गढ़ों में भी सेंध लगाने की कोशिश की है।

### यूडीएफ : पुराने रिश्ते और रबर की राजनीति

कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन यूडीएफ के लिए इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) आज भी सबसे मजबूत खंभा है। इसके अलावा, जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों का समर्थन भी यूडीएफ के पक्ष में हवा बना रहा है। ईसाई वोट बैंक को साधे रखने के लिए कांग्रेस अब खेत और पेट की राजनीति का सहारा ले रही है।

### भाजपा की नजर ईसाई समुदाय पर

केरल में तीसरी ताकत बनने की जद्दोजहद में जुटी भाजपा का पूरा ध्यान इस बार ईसाई समुदाय पर टिका है। पार्टी लव जिहाद और भूमि विवाद जैसे मुद्दों के जरिये मुस्लिम और ईसाई वर्गों के बीच पैदा हुई दूरी का लाभ उठाना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी की पादरियों और बिशपों से मुलाकातें और 'स्नेह यात्रा' जैसे अभियान इसी रणनीति का हिस्सा हैं। हालांकि, मणिपुर की हिंसा और देश के अन्य हिस्सों में ईसाई मिशनरियों पर होने वाले हमलों की खबरें भाजपा की राह में सबसे बड़ी रुकावट बनकर उभरी हैं।

### मतदान के दिन टूटेगी चुप्पी

केरल का सियासी माहौल कई दिशाओं में बंटा हुआ नजर आ रहा है। अल्पसंख्यक वोट बैंक पूरी तरह खामोश है, लेकिन यह खामोशी ही किसी के लिए सत्ता का रास्ता खोलेगी तो किसी के लिए हार का सबब बनेगी। जैसे-जैसे मतदान का दिन करीब आ रहा है, रबर की कीमतों से लेकर सीएए तक के मुद्दे एक ठोस जनादेश की शक्ल लेते जा रहे हैं।

### लोग यूडीएफ-एलडीएफ से तंग आ चुके हैं: मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को केरल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से कहा कि तिरुवनंतपुरम में स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी को मिली सफलता नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के लिए बढ़ते समर्थन की लहर को दर्शाती है। मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुए संवाद में कहा कि यह स्पष्ट है कि इस बार केरल न केवल एक नयी सरकार, बल्कि एक नयी व्यवस्था भी चुनने जा रहा है। उन्होंने कहा, "इस चुनाव में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लहर है। तिरुवनंतपुरम ने एक नयी मिसाल कायम की है।

### '5+1 गारंटी' के साथ फ्री सुविधाओं की बरसात



केरल चुनाव से पहले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने अपना चुनावी घोषणापत्र जारी कर दिया है, जिसमें कई कल्याणकारी योजनाओं और '5+1 गारंटी' का ऐलान किया गया है। एर्नाकुलम में आयोजित कार्यक्रम में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन ने बताया कि सत्ता में आने पर यूडीएफ कल्याण पेंशन को 2,000 से बढ़ाकर 3,000 कर देगी और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक अलग सरकारी विभाग भी बनाएगी। घोषणापत्र की प्रमुख गारंटियों में केरल राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा, कॉलेज जाने वाली छात्राओं को 1,000 मासिक सहायता, पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी के नाम पर 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा, कल्याण पेंशन को बढ़ाकर 3,000 करना, युवाओं के लिए ब्याज-मुक्त ऋण और वरिष्ठ

**असम चुनाव** हिमंता बिस्वा सरमा को बताया सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री

# राहुल ने जारी किया कांग्रेस का घोषणापत्र, 11 क्षेत्रों पर फोकस



एजेंसी ▸▸ गुवाहटी

असम में 9 अप्रैल को मतदान होना है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस घोषणा पत्र में शासन, पहचान और स्वास्थ्य जैसे 11 क्षेत्रों पर फोकस किया गया है। यह घोषणा पत्र एक चुनावी रैली के दौरान जारी किया गया, जिसमें राहुल गांधी के साथ असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। घोषणा पत्र में कुल 11 संकल्प शामिल हैं- शासन, पहचान, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम। इस दौरान, राहुल ने आरोप लगाते हुए कहा, असम के मुख्यमंत्री हिंदुस्तान के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। इनका नियंत्रण नरेंद्र मोदी और शाह के हाथ में है। अगर नरेंद्र मोदी इनसे कहेंगे कि उछलो तो यह उछलेंगे। अगर नरेंद्र मोदी इनसे कहें कि अमित शाह के पैर पकड़ो, तो यह उनके पैर पकड़ेंगे। यह सच्चाई है। डोनाल्ड ट्रंप नरेंद्र मोदी को नियंत्रित करते हैं और नरेंद्र मोदी आपके मुख्यमंत्री को नियंत्रित करते हैं।

**तमिलनाडु चुनाव** राज्य में 23 अप्रैल को होना है मतदान, मतगणना 4 मई को

# पश्चिम एशिया संकट में राजग ने किया विश्वासघात : स्टालिन

एजेंसी ▸▸ इरोड (तमिलनाडु)।



द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बृहस्पतिवार को राजग पर विश्वासघात का आरोप लगाते हुए कहा कि उसने मौजूदा पश्चिम एशिया संकट के दौरान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) का 'गला घोंटा' है। इरोड में एक चुनावी रैली में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गठबंधन के कथित विश्वासघातों को गिनाते हुए स्टालिन ने कहा कि राजग नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) को रद्द करने में नाकाम रहा और संशोधित नागरिकता अधिनियम लाना जनता के खिलाफ था। उन्होंने राजग पर विश्वासघात का आरोप लगाते हुए कहा, 'राजग अमेरिकी शुल्क के संबंध में बुनकरों की रक्षा करने में नाकाम रहा और पश्चिम एशिया संकट के दौरान उसने एमएसएमई का गला घोंटा।'



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### 7 दिनों के भीतर मांगा जवाब

शासन ने इसे कार्य के प्रति घोर लापरवाही और उदासीनता का प्रतीक माना है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि क्यों न इस कृत्य के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। आयुक्त को निर्देशित किया गया है कि वे अपना लिखित प्रतिवाद 07 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। समय सीमा में जवाब प्राप्त न होने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। नोटिस में यह बात सभी छह निकायों के आयुक्त व सीएमओ को लिए कही गई है।

# पीएम आवास शहरी में गंभीर लापरवाही, 11 महीनों तक काम में सुस्ती, पांच आयुक्त, एक सीएमओ को शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के एएचपी घटक में अफसरों की गंभीर लापरवाही सामने आई है। विभागीय समीक्षा में खुलासा हुआ है कि आधा दर्जन बड़े निकायों के अफसरों ने पिछले 11 महीने के दौरान जो काम किया, वह भारी असंतोषजनक माना गया है। इस मामले को लेकर नगर निगम आयुक्त जगदलपुर, अंबिकापुर, रिसाली, राजनांदगांव, भिलाई चरौदा और नगर पालिका परिषद कांकेर के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ये भी कहा गया है कि सात दिनों में जवाब नहीं दिया, तो एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

खास खबर

### ये है मामला

राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के एएचपी घटक के तहत हजारों की संख्या में आवास बनाए जा रहे हैं। केंद्र के सहयोग से चलने वाली यह सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। केंद्र से लेकर राज्य सरकार लगातार इस योजना के क्रियान्वयन पर नजर रखे हुए है। संबंधित अधिकारियों को बार-बार निर्देश दिए जा रहे हैं कि वे अपने क्षेत्र में समयबद्ध कार्यक्रम के तहत कार्य पूरा करें, लेकिन राज्य के कई निकायों के अफसरों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। जब विभागीय समीक्षा की गई तो पूरी गड़बड़ी सामने आ गई।



### ये है गड़बड़ी की एक कहानी

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव की अध्यक्षता में हुई ऑनलाइन समीक्षा बैठक में यह पाया गया कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद जगदलपुर नगर निगम की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ये पाया गया कि 11 महीनों में इस निकाय ने कोई भी आवास पूरा नहीं किया। इस मामसे में प्रवीण कुमार वर्मा आयुक्त नगर निगम को नोटिस जारी किया गया। कार्य की प्रगति के आंकड़े कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हैं। भौतिक प्रगति की बात करें, तो कुल स्वीकृत 462 आवासों में से केवल 346 पूर्ण हुए हैं (75 प्रतिशत)। चौंकाने वाली बात यह है कि विगत 11 महीनों में एक भी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### एक ही नहीं, पांच और निकायों में यही हुआ

*जगदलपुर नगर निगम आयुक्त ही नहीं राज्य के आधा दर्जन निकायों में भी इसी तरह की गंभीर लापरवाही के मामले सामने आए हैं। इन मामलों में जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें ये अधिकारी शामिल हैं- देव नारायण कश्यप आयुक्त नगर निगम अंबिकापुर, मोनिका वर्मा आयुक्त नगर निगम रिसाली, अतुल विश्वकर्मा आय्रुक्त नगर निगम राजनांदगांव, दशरथ सिंह राजपूत आयुक्त नगर निगम भिलाई चरौदा, पवन कुमार मोरिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद कांकेर। इन सभी के खिलाफ जारी नोटिस में मोटे तौर पर ये बात कही गई है कि पिछले 11 महीनों में इनके निकाय में आवास निर्माण का काम संतोषजनक नहीं है। अलग-अलग निकायों में योजना की भौतिक प्रगति, आवंटन की स्थिति, और व्यवस्थापन की स्थिति के आंकड़े संतोषजनक नहीं पाए गए हैं।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सेल के चेयरमैन अमरेंदु ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्पात मंत्रालय की मंजूरी के बाद उनका इस्तीफा दो अप्रैल से प्रभावी हो गया है। कंपनी के निदेशक कृष्ण कुमार सिंह को तीन महीने के लिए चेयरमैन और प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### ट्रॉली पलटने से तीन महिलाओं की मौत

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली के पलट जाने और गंडक नहर में गिर जाने से तीन महिलाओं की मौत हो गई और लगभग 18 व्यक्ति घायल हो गए। इस हादसे में कुल 21 लोग घायल हो गए और उन्हें कुशीनगर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मीरा देवी (57) को मृत घोषित कर दिया।

### प्रीपेड बिजली मीटर लगाना अनिवार्य नहीं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने लोकसभा में कहा कि बिजली के प्रीपेड स्मार्ट मीटर वैकल्पिक व्यवस्था है। इसे अनिवार्य नहीं बनाया गया है। खट्टर ने प्रश्नकाल में आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सदस्य हनुमान बेनीवाल के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह बात कही।

### लड़की की बलि, मां और तांत्रिक समेत तीन गिरफ्तार

**हजारीबाग।** झारखंड पुलिस ने कुसुम्भा गांव में एक बलि अनुष्ठान के दौरान गला घोंटकर मारी गई किशोरी की 35 वर्षीय मां को एक तांत्रिक और एक अन्य व्यक्ति के साथ गिरफ्तार किया है। लड़की की मां रेशमी देवी अक्सर अपने सबसे छोटे बेटे के इलाज के लिए अपने गांव में एक तांत्रिक (जादू-टोना करने वाले) के पास जाती थीं। उसका बेटा किसी मानसिक और शारीरिक बीमारी से पीड़ित है।

### कटरा की स्पेशल ट्रेनें लेंगी 40 अतिरिक्त फेरियां



**नई दिल्ली।** उत्तरी रेलवे के जम्मू डिविजन ने ऐसे में भीड़ से निपटने के लिए ठोस तैयारी की है। उसने गुरुवार को नई दिल्ली और श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन की 40 अतिरिक्त फेरियों की घोषणा की। ट्रेन की जबरदस्त लोकप्रियता को देखते हुए, 15 अप्रैल से 16 जुलाई तक ट्रेन की सेवा बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई है।

## मालदा में लोगों के गुस्से ने 9 घंटे के लिए काट दिया नेशनल हाईवे

# सात अफसरों को बनाया बंधक, सुप्रीम कोर्ट खफा, सीबीआई करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) कवायद में लगे सात न्यायिक अधिकारियों को 'बंधक' बनाए जाने की घटना का बृहस्पतिवार को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए इसे निंदनीय बताया और 'निष्क्रियता' को लेकर राज्य के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और अन्य अधिकारियों से जवाब देने को कहा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने निर्वाचन आयोग को इस घटना की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से कराए जाने का अनुरोध करने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि यह घटना न्यायिक अधिकारियों का मनोबल तोड़ने और जारी चुनावी प्रक्रिया को रोकने के लिए 'एक सोचा-समझा एवं निहित स्वार्थों से प्रेरित कदम' प्रतीत होती है। प्रधान न्यायाधीश ने ▶▶| शेष पेज 6 पर

खास खबर

*पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने एसआईआर में शामिल सात न्यायिक अधिकारियों का कई घंटों तक घेराव किया, जिन्हें बाद में बचा लिया गया। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने घटना पर नाराजगी जताई। सीबीआई या एनआईए को जांच का आदेश दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा की घटना से खुद को अलग कर लिया। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था अब उनके हाथों में नहीं है।*



**अफसरों के वाहनों पर पथराव**

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों को बचाए जाने के बाद भी उनके वाहनों पर पथराव किया गया। उन पर लाठियों तथा ईंटों से हमला किया गया। उन्होंने कहा, यह देखकर हमें बेहद निराशा हुई कि मुख्य सचिव से संपर्क नहीं हो सका।

### क्या है मामला

बुधवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के कालियाचक-2 ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिस के बाहर एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने को लेकर जबरदस्त प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने सबसे पहले न्यायिक अधिकारियों से मिलने की मांग की लेकिन, उनकी यह मांग ठुकरा दी गई। इसके बाद शाम करीब 4 बजे तीन महिला अधिकारियों सात न्यायिक अधिकारियों को भीड़ ने घेर लिया। बताया जा रहा है कि उन्हें करीब नौ घंटे तक बंधक बनाए रखा।

**खास बातें**

- भोजन-पानी के लिए तरसे अफसर
- भाजपा ने कहा- घेराव देश के इतिहास में 'काला धब्बा'

### मेरी सारी शक्तियां छीन ली गई : ममता

सीएम बनर्जी ने कहा कि चुनाव आयोग कानून और व्यवस्था को कंट्रोल करने में पूरी तरह विफल रहा है। सीएम ने कहा, मेरी सारी शक्तियां छीन ली गई हैं। मुर्शिदाबाद जिले में एक चुनावी रैली में मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे (बंधकों के बारे में) आधी रात को एक पत्रकार से पता चला।

### कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

आदेश में कहा गया, घटना न केवल न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने की सरेआम की गई कोशिश है, बल्कि यह इस न्यायालय के प्राधिकार को भी चुनौती देने के बराबर है। प्रथम दृष्टया यह न्यायिक अधिकारियों का मनोबल तोड़ने के लिए सुनियोजित तरीके से उठाया गया सोचा-समझा कदम है। पीठ ने यह सुनिश्चित करने के लिए भी कई निर्देश जारी किए कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों के काम में कोई बाधा न आए।

### इधर, ईडी ने आई-पैक ठिकानों पर मारे छापे

ईडी ने पश्चिम बंगाल में कथित कोयला 'घोटाला' मामले में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के एक अधिकारी, आप के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर बृहस्पतिवार को नए सिरे से छापेमारी की। अये छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर की जा रही हैं। बेंगलुरु में आई-पैक के सह-संस्थापक और निदेशक ऋषि राज सिंह का परिसर और मुंबई में नायर का परिसर भी इसके दायरे में आते हैं। संघीय जांच एजेंसी ने जनवरी में इस मामले में आई-पैक कार्यालय और इसके संस्थापक एवं निदेशकों में से एक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर छापेमारी की थी। सिंह और जैन को हाल में ईडी ने बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया था। उन्होंने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में जारी चुनाव कार्यों का हवाला दिया।

## देश में ऐसा पहला मामला

# अश्लील हरकत की शिकायत पर वक्फ बोर्ड ने शहर काजी को पद से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन यतीमखाना बैजनाथ पारा रायपुर शहर के काजी आरिफ अली फारूकी को एक महिला के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने काजी के पद से हटा दिया है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज के मुताबिक यह प्रदेश का ही नहीं, देश का ऐसा पहला मामला है जिसमें किसी काजी को ऐसी शर्मनाक हरकत के कारण पद से हटाया गया है। अब जल्द शहर के मौलाना तीन नामों का पैनल बनाकर वक्फ बोर्ड को देंगे तो नए काजी की नियुक्ति की जाएगी।

खास खबर

- जांच में शिकायत सही पाए जाने पर शहर के 17 मौलाना के हस्ताक्षर पर की गई कार्रवाई

वक्फ बोर्ड को मिनाज मेनन द्वारा दस्तावेजों के साथ शिकायत की गई थी कि काजी ने 31 मार्च की रात को एक महिला के साथ अश्लील हरकत की है। इसके बाद इस मामले की वक्फ बोर्ड से पूरी जांच की। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सबसे बड़ा पद

शहर काजी का पद सबसे बड़ा है। समाज से जुड़े लोगों के मुताबिक काजी के कहने से ही समाज के सारे त्यौहार तय होते हैं। ईद पर चांद दिखने के बाद काजी ही ईद का दिन तय करते हैं। ऐसे में काजी की हरकत की जानकारी होने पर समाज के लोगों में भी भारी रोष है। समाज के रोष को देखते हुए समाज की बैठक करके उसमें भी काजी को हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया और वक्फ बोर्ड को इसकी जानकारी दी गई तो वक्फ बोर्ड के आदेश निकालकर काजी को पद से हटा दिया है। अब जल्द ही नए काजी की नियुक्ति की जाएगी।

## हवाई हमलों में सबसे ऊंचा पुल तबाह, मिडिल ईस्ट में छाया अंधेरा

# यूएस ने उड़ाया 400 मिलियन डॉलर का ब्रिज, ट्रंप बोले- ईरान पर हासिल की जीत



एजेंसी ▶▶| तेहरान/दुबई

अमेरिका और इजरायल ने ईरान के दिल पर अटैक किया है। इस घातक हमले में तेहरान और करज जैसे दो बड़े शहरों को जोड़ने वाले रणनीतिक बी1 ब्रिज को पूरी तरह तबाह कर दिया गया है। यह मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा पुल बनने जा रहा था। इसे बनाने में करीब 400 मिलियन यूएस डॉलर यानि 37 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए गए। इधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को ईरान जंग में जीत मिली है। साथ ही चेतावनी दी कि अमेरिका 2-3 हफ्ते में ईरान पर बड़ा हमला करेगा।

- ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार अमेरिकी हमले में घायल, पत्नी की मौत

### ईरान में जल्द 'काम खत्म करेगी' अमेरिकी सेना : डोनाल्ड ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि अमेरिकी सेना ईरान में जल्द ही काम खत्म कर देगी क्योंकि मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने वाले हैं। ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमले करने के करीब एक महीने बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में अपने इस कदम का बचाव किया। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर 28 फरवरी, 2026 को पहली बार हमला किया था जिसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की और पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हो गया। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ हमलों के संदर्भ में कहा, अगले दो से तीन सप्ताह में हम उन पर बेहद कड़ा प्रहार करेंगे।

### होर्मुज जलडमरूमध्य खुलवाने 30 से अधिक देशों की बैठक



**लंदन।** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद बंद किए गए महत्वपूर्ण जहाज मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को खुलवाने के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक दबाव बनाने को लेकर 30 से अधिक देशों की बैठक होगी। इस बैठक में हिस्सा लेने वाले देशों में अमेरिका शामिल नहीं है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कहा कि विदेश मंत्री यवेट कूपर की अध्यक्षता में डिजिटल माध्यम से आयोजित होने वाली इस बैठक में हम सभी संभव कूटनीतिक और राजनीतिक उपायों का मूल्यांकन करेंगे ताकि आवागमन की स्वतंत्रता बहाल हो सके, फंसे हुए जहाजों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और महत्वपूर्ण वस्तुओं के परिवहन को फिर से शुरू किया जा सके।

## 'आप' ने सचिवालय को लिखा पत्र

# राज्यसभा में डिप्टी लीडर पद से चड्ढा की हुई छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर अपने सांसद राघव चड्ढा को सदन में पार्टी के उप-नेता के पद से हटाने का आग्रह किया और उनके स्थान पर पंजाब के सांसद अशोक मित्तल का नाम प्रस्तावित किया है। सूत्रों के अनुसार, पत्र में कहा गया है कि चड्ढा को सदन में बोलने के लिए 'आप' के निर्धारित कोटे से ▶▶| शेष पेज 6 पर



**चड्ढा ने एक्स पर दी प्रतिक्रिया**


पद से हटने के कुछ घंटों बाद राघव चड्ढा ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया। वीडियो में उच्च सदन में उनके हस्तक्षेप थे, जिसे बुरी नजर कैप्शन दिया गया।

# साइबर एक्सपर्ट की कमी, नियुक्ति में देरी पर हाईकोर्ट ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेश में साइबर अपराध के प्रकरणों के लिए अहम इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के लिए विशेषज्ञ नहीं होने को लेकर लगाई गई जनहित याचिका पर गुरुवार सुनवाई नहीं हो सकी। इससे पहले हाईकोर्टने ने केंद्र सरकार से पूछा है कि आखिर कब तक होगी नियुक्ति..? इस पर केंद्र की ओर पेश से कहा गया है कि एक के बाद एक तीन चरणों को पूरा कर ही सायबर विशेषज्ञ की नियुक्ति की जा सकती है। पहले चरण में फॉरेंसिक लैब की स्थापना है। इसके बाद अन्य दो चरणों के पूरे होने बाद नोटिफिकेशन जारी की जाएगी। इस प्रक्रिया में थोड़ा समय लग रहा है।

- फारेंसिक लैब की स्थापना के साथ विशेषज्ञ नियुक्ति होगी



दरअसल शिरीन मालेवर ने अधिवक्ता रुद्र प्रताप दुबे और गौतम खेत्रपाल के ▶▶| शेष पेज 6 पर

### दो चरणों का काम अभी बाकी

पिछली सुनवाई के दौरान राज्य शासन के साथ ही केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि राज्य के अनुरोध पर, भारत संघ की एक टीम ने साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला का निरीक्षण किया और उन्होंने कुछ कमियां बताईं थी। टीम द्वारा बताई गई कमियों को दूर कर दिया गया है और केंद्र से अनुरोध किया गया है। वही तीन चरण की प्रक्रिया में एक चरण को पूरा किया गया है और उसकी कुछ जानकारी बाकी है।

## संसद का बजट सत्र बढ़ा, 16 को होगी अगली बैठक

# महिला आरक्षण विधेयक इसी सत्र में होगा पेश!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

महिला आरक्षण विधेयक पारित करने के लिए गुरुवार को संसद का वर्तमान बजट सत्र बढ़ा दिया गया। अब लोकसभा तथा राज्यसभा की अगली बैठक 16 अप्रैल को होगी। सरकार महिलाओं के आरक्षण कानून को लागू करने के लिए और लोकसभा की सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करने के उद्देश्य से जनगणना से संबद्ध परिसीमन को अलग करने के लिए दो विधेयक लाने की खातिर विपक्ष के साथ बातचीत कर रही है। सूत्रों ने बताया कि दोनों सदनों की तीन दिवसीय बैठक 16 से ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 16 से 18 तक तीन बैठकों की तैयारी

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने सदन की बैठक 16 अप्रैल पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित की। इस बीच विपक्ष के कई नेताओं ने बताया कि सरकार ने उन्हें सूचित किया है कि बजट सत्र में आगे 16 से 18 अप्रैल तक तीन बैठकें होंगी। रीजीजू ने राज्यसभा में जब सत्र बढ़ाने की घोषणा की तो उस समय सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तकरार भी हुई।

### महिला आरक्षण पर हो सकता है फैसला

मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो इस विशेष सत्र के दौरान संविधान संशोधन विधेयक पेश किया जा सकता है। जिसके माध्यम से नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन संभव है। इस दौरान महिला आरक्षण कानून से जुड़े संविधान संशोधन पर चर्चा हो सकती है।



### खड़गे का आरोप, रिजिजू के जवाब

मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर दबंगई का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे पर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार की योजना के बारे में सवाल किया। इसके जवाब में रिजिजू ने कहा कि राज्यसभा में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक और जन विश्वास विधेयक को चर्चा एवं पारित करने के लिया जाएगा।

### जन विश्वास विधेयक को मंजूरी

देश के कारोबारी माहौल को और बेहतर बनाने के लिए छोटे-मोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और उन्हें तर्कसंगत बनाने के वास्ते 79 केंद्रीय कानूनों के 784 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव करने वाले जन विश्वास विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा जवाब देने के बाद 'जन विश्वास विधेयक 2026' को पारित कर दिया गया।

## चिंतन

# सुरक्षा के लिए चुनौती बने चीनी कैमरों पर सख्ती

देश की आंतरिक सुरक्षा में आज के समय में डिजिटल ढांचे की मजबूती बेहद जरूरी है। ऐसे समय में जब हर गली, चौराहे, सरकारी दफ्तर और संवेदनशील प्रतिष्ठानों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के भरोसे है, उन्हीं कैमरों के जरिए सुरक्षा में सेंध की आशंका गंभीर चिंता का विषय है। दिल्ली में लगे करीब 1.40 लाख चीनी सीसीटीवी कैमरों को हटाने का आदेश इसी खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है। दरअसल, तकनीक अब दोधारी तलवार बन चुकी है। एक ओर यह सुरक्षा का मजबूत कवच प्रदान करती है, तो दूसरी ओर अगर यही तकनीक बाहरी नियंत्रण में हो तो यह देश के लिए जासूसी का सबसे खतरनाक हथियार बन सकती है। चीन की कंपनियों द्वारा निर्मित कैमरों को लेकर लंबे समय से यह आशंका जताई जाती रही है कि इनके जरिए डेटा लीक या बैकडोर एक्सेस संभव है। इनके जरिये डेटा पाकिस्तान तक भेजा जा रहा है। हाल ही में हरियाणा, दिल्ली, यूपी और आसपास के क्षेत्रों से जुड़े पाकिस्तानी जासूसी रैकेट का खुलासा इस खतरे की वास्तविकता को सामने लाता है। अगर देश के भीतर लगे निगरानी उपकरण ही दुश्मन के हाथों में सूचना पहुंचाने का जरिया बन जाएं, तो यह केवल तकनीकी चूक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा में गंभीर खामी मानी जाएगी। यह मामला केवल एक शहर या एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि वैश्विक स्तर पर कई देशों ने पहले ही ऐसे उपकरणों पर प्रतिबंध या नियंत्रण लगा दिया है। अमेरिका, इजराइल जैसे देशों ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से विदेशी तकनीक के उपयोग में बेहद सतर्क नीति अपनाई है। भारत जैसे विशाल और संवेदनशील देश के लिए यह और भी जरूरी हो जाता है कि वह अपने डिजिटल संसाधनों को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाए। दिल्ली में पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाए गए लाखों कैमरों में बड़ी संख्या एक ही चीनी कंपनी के होने का तथ्य यह भी दर्शाता है कि हमने लागत और सुविधा के नाम पर सुरक्षा से समझौता किया। सबसे बड़ा खतरा तथाकथित 'बैकडोर एक्सेस' का है। यदि किसी कंपनी के पास अपने उपकरणों पर दूर से नियंत्रण या डेटा तक पहुंच की क्षमता है तो वह किसी भी समय संवेदनशील जानकारी हासिल कर सकती है। यह खतरा केवल जासूसी तक सीमित नहीं, बल्कि साइबर हमलों और महत्वपूर्ण ढांचे को पंगु बनाने तक जा सकता है। ऐसे में सरकार द्वारा इन कैमरों को हटाने का निर्णय एक एहतियाती कदम ही नहीं, बल्कि अनिवार्य कार्रवाई है। जरूरी है कि इस फैसले को केवल राजनीतिक चश्मे से न देखा जाए। यह मुद्दा किसी एक पार्टी या सरकार का नहीं, बल्कि देश की सामूहिक सुरक्षा का है। पिछले वर्षों में तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ हमने विदेशी तकनीक पर जो निर्भरता बढ़ाई है, अब समय आ गया है कि उसकी समीक्षा की जाए। इससे स्पष्ट संदेश निकलता है कि सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भरता ही सबसे बड़ा समाधान है। 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों को अब केवल नारे नहीं, बल्कि ठोस रणनीति के रूप में लागू करने की जरूरत है। सीसीटीवी कैमरे केवल निगरानी का साधन नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा की आंखें हैं। अगर इन आंखों पर किसी और का नियंत्रण होगा, तो खतरा केवल दिखाई देने वाला नहीं, बल्कि अदृश्य भी होगा। इसलिए चीनी कैमरों पर सख्ती केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में उठाया गया एक जरूरी और समायोचित कदम है।

# 'भारत' में नक्सल मुक्त नया 'बस्तर' शाह के संकल्पों का परिणाम



विचार
ओपी चौधरी

बस्तर में शहादतों को सच्ची श्रद्धांजलि मिली 31 मार्च को। 31 मार्च 2026 का दिन बस्तर के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया। वह दिन जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित समय-सीमा पूरी हुई और बस्तर से नक्सलवाद का जड़ से खात्मा हो गया। बस्तर की धरती पर शहीदों की समाधियों पर फूल चढ़ाए गए, दीप जलाए गए और उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। वर्षों तक बंदूक की नोक पर जीने वाले बस्तर के आदिवासी परिवारों ने पहली बार बिना डर के सांस ली।

जंगलों में गूंजती गोलियों की आवाज की जगह अब विकास की ध्वनि सुनाई देगी। स्कूल की घंटियाँ, अंदरूनी सड़कों पर चलती यात्री बसें, साप्ताहिक हाट बाजार, दशकों तक नहीं बोए गए खेतों में किसानों की हलचल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की यह श्रद्धांजलि केवल शब्दों में नहीं, बल्कि बस्तर की बदलती जिंदगी की तस्वीर में नजर आ रही है। इसके लिए ***छत्तीसगढ़ के पक्ष-विपक्ष दोनों को मिलकर अमित शाह जी का नागरिक अभिनंदन करना चाहिये।***

नक्सलवाद का बस्तर में चरमकाल चार दशक से अधिक चला। 1980 के दशक से लेकर 2025 तक यह क्षेत्र 'रेड कॉरिडोर' का सबसे घना हिस्सा बना रहा। दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव जैसे जिलों में नक्सलियों की 'समानांतर सरकार' चलती थी। बंदूक, क्रूरता और भय का माहौल था। सड़कें नहीं बनती थीं, स्कूल बंद रहते थे, अस्पतालों तक पहुंचना असंभव था। लेकिन 2014 के बाद, खासकर 2024 से शुरू हुए अभियान ने स्थिति को पलट दिया। 2011 में बतौर कलेक्टर दंतेवाड़ा मेरे लिए यह सोचना भी कठिन था कि इस नक्सलवाद खत्म हो जाएगा और इसे ऐसा होता हुआ देख सकूंगा! यह विचार भी कभी मेरे मन में आ भी नहीं सका था।

इस तरह की परिस्थितियां जो बस्तर में मेरी कलेक्टर दंतेवाड़ा के रूप में पोस्टिंग से पहले सुनी थी और जाने के बाद मैंने देखी वह ऐसी किसी कल्पना को साकार ही नहीं होने दे रही थी। दंतेवाड़ा में रहते हुए जब पहली बार किसी ऐसे बेल्ट में काम करने का मौका मिला जहां बहुत कुछ करने की संभावना साफ दिखाई दे रही थी।जिसमें बंदूक और क्रूरता के सामने समूचा सिस्टम काम करने से पहले ही मन में को ही डराने लगता था। कोई ऐसा सप्ताह ऐसा नहीं जाता था,जब हमें नए शहीदों को श्रद्धांजलि नहीं देनी होती थी। हां, ऐसा ही कुछ दुर्भाग्यजनक था बस्तर का हाल! इस बस्तर में बीते चार दशक से ज्यादा समय में ना जानें कितनी मौतें जंगल में, सड़क में दर्ज हैं। मानों इसे अमिट स्याही से लिखा गया बस्तर का भविष्य दिखाई देता था।

**31 मार्च को मिली शहादतों को सच्ची श्रद्धांजलि, पक्ष-विपक्ष को शाह का करना चाहिए नागरिक अभिनंदन**



जावंगा में एजुकेशन सिटी निर्माण के दौरान नक्सलियों का धमकी भरा पत्र मिलना इस तरह की योजनाओं को बंद करने की कोशिश ही थी। हम बस्तर के उस हिस्से में थे जहां 6 अप्रेल 2010 को ताड़मेटला में 76 जवान शहीद हो चुके थे,जो आजाद भारत में एक साथ शहादत की सबसे बड़ी घटना थी।इससे पहले सैकड़ों लैंडमाइन ब्लास्ट से सैकड़ों जाने जा चुकीं थीं। यहां दंतेवाड़ा अरनपुर तक सड़क निर्माण के लिए दो हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती होती थी। ऐसे दर्जनों सड़कें थीं जिसमें ठेकेदार काम करने के लिए तैयार नहीं थे। कोई स्कूल बनाना नहीं चाहता था।

ऐसे में 25 मई 2013 में झीरम हमलें में कांग्रेस के बड़े नेताओं की शहादत हो जाती है। और इसके बाद 9 अप्रैल 2019 में भाजपा के युवा विधायक भीमा मंडावी की मौत आईईडी ब्लास्ट से होने की खबर आती है। यानी पुराने बस्तर में कोई भी सुरक्षित नहीं था। जरा सोचिए बस्तर में लगातार घट रही इन घटनाओं का प्रभाव स्थानीय आदिवासियों के मन में कितना पड़ रहा होगा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हथियारबंद आतंक के खात्में के संकल्प को पूरा करने सशक्त नेतृत्व दिया और गृहमंत्री अमित शाह ने तारीख तय कर दी। उन्होंने अगस्त 2024 में समीक्षा के बाद स्पष्ट समय-सीमा तय की '31 मार्च 2026' तक देश को नक्सल मुक्त करना है। यह पहली बार हुआ जब तारीख बताकर उस दिशा में प्रयास शुरू किया गया। बस्तर को इस लक्ष्य का केंद्र बनाया गया। उनकी व्यूह-रचना तीन स्तंभों पर टिकी थी-सुरक्षा अभियान, विकास कार्य और पुनर्वास नीति। यह दृढ़ संकल्प ही था जिसने बस्तर को नई सुबह दी। अमित शाह की कार्ययोजना की सफलता का श्रेय सुरक्षा बलों, छत्तीसगढ़ पुलिस, डिसर्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और स्थानीय आदिवासियों को जाता है।

2024 से मार्च 2026 तक के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। बस्तर रेंज में 706 नक्सली मारे गए, 2218 गिरफ्तार हुए और 4839 ने आत्मसमर्पण किया। अकेले 2025 में 256 नक्सली एनकाउंटर में ढेर हुए, 1500 से अधिक ने हथियार डाले और 884 गिरफ्तार हुए। 645 हथियार और 875 आईईडी बरामद किए गए। 52 नए सुरक्षा कैंप स्थापित हुए। इन अभियानों ने नक्सलियों के कमांड स्ट्रक्चर को चूर-चूर कर दिया। सीनियर लीडरशिप का सफाया हो गया। माओवादियों की 'सेंट्रल कमेटी' तक हिल गई।

लेकिन केवल गोली से नहीं, बल्कि दिल जीतने वाली नीति से यह संभव हुआ। अमित शाह ने बार-बार कहा—"नक्सलवाद की जड़ गरीबी नहीं, विचारधारा है।" इसलिए 'गोली का जवाब गोली से' के साथ-साथ 'सुरक्षा के साथ विकास' का फॉर्मूला अपनाया गया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 'पुनर्वास नीति' को आकर्षक बनाया गया। आत्मसमर्पण करने वालों को रोजगार, मकान, जमीन और शिक्षा की गारंटी दी गई।

बस्तर में बदलाव इस समय की सबसे बड़ी सच्चाई है। कभी ना खत्म होने वाली हिंसक सोच अब पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। पर यह परिवर्तन रातोरात नहीं हुआ। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की व्यूह-रचना में फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस (FOB) बनाए गए, खुफिया तंत्र मजबूत किया गया, ड्रोन और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाया गया। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण था स्थानीय समर्थन। बस्तर के आदिवासी अब नक्सलियों को 'बाहरी ताकत' मानते हैं, न कि रक्षक। उन्होंने खुद सुरक्षा बलों को सूचना दी, सहयोग किया। यह विश्वास का नया अध्याय है।शहीदों की श्रद्धांजलि का सबसे सच्चा रूप यही है।

बस्तर में पिछले चार दशकों में सैकड़ों जवान, पुलिसकर्मी, CRPF के COBRA कमांडो और आम नागरिक शहीद हुए। उनके परिवार आज गर्व से सिर ऊंचा कर सकते हैं। 31 मार्च 2026 को पूरे छत्तीसगढ़ में शहीद स्मारकों पर कार्यक्रम हुए। सही मायने में गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर की धरा में अब तक हुए सारे शहीदों को नमन करते श्रद्धांजलि अर्पित किया। वास्तव में यह 'विजय' शहीदों का उपहार है।

बस्तर अब 'नक्सल-मुक्त भारत' का प्रतीक है। अमित शाह की कार्ययोजना ने साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और समन्वित प्रयास से कोई समस्या अजेय नहीं। बस्तर का यह नया अध्याय सिर्फ सुरक्षा का नहीं, बल्कि आर्थिक- सामाजिक क्रांति का भी है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बस्तर को अगले पांच वर्षों में देश के सबसे विकसित आदिवासी क्षेत्र बनाने का लक्ष्य रख चुकी हैं। सड़क कनेक्टिविटी 100% हो रही है। बैंकिंग, इंटरनेट, कौशल विकास केंद्र खुल रहे हैं। आदिवासी युवाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण और ट्रेनिंग मिल रही है।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बस्तर पंडुम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट किया जा रहा है। बस्तर के किसान अब बिना डर के अपनी फसल बेच रहे हैं। महुआ, तेंदू पत्ता, बांस जैसे वन उत्पादों का बाजार बढ़ा है। एमएसएमई यूनिट्स लग रही हैं। महिलाएं स्व सहायता समूह के माध्यम से आय अर्जित कर रही हैं। बच्चे स्कूल जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर नियमित हैं। टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं अब पहुंच रही हैं।

31 मार्च 2026 की तारीख केवल एक डेडलाइन नहीं थी। यह बस्तर के लाखों आदिवासियों के सपनों का सच था। बस्तर अब 'नक्सल-मुक्त' से आगे 'विकसित बस्तर' की ओर बढ़ रहा है। अमित शाह की दूरदर्शी योजना, सुरक्षा बलों की वीरता और स्थानीय लोगों का सहयोग—इन तीनों ने मिलकर इतिहास रचा। इस लेख को लिखते हुए बस्तर के उन पूर्व कलेक्टरों और अधिकारियों की याद आती है जिन्होंने दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्रों में काम किया। उन्होंने देखा कि कैसे चुनौतियां थीं, लेकिन संभावनाएं भी। आज वे संतुष्ट होंगे कि उनका संघर्ष रंग लाया।

बस्तर की यह शांति और समृद्धि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। 31 मार्च 2026 को पूरी हुई डेडलाइन ने साबित कर दिया कि जब इरादा पक्का हो, तो कोई बाधा अटल नहीं रहती। बस्तर अब नए 'भारत' का नया 'बस्तर' है। यहां बंदूकों की जगह विकास की आवाज गूंज रही है। आदिवासी संस्कृति फल-फूल रही है। युवा सपने देख रहे हैं। यह भारत की एकता और अखंडता की जीत है। अमित शाह के संकल्प ने न केवल नक्सलवाद खत्म किया, बल्कि बस्तर को मुख्यधारा में जोड़ दिया। बस्तर के शहीदों को बार-बार नमन। जय हिंद! जय बस्तर!!

*-वित्त मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन*

## वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

*-संकलन-कांतिलाल मांडोत*

## गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित
प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

## पंच परिवर्तन

डॉ. मारकंडे आहूजा



# पर्यावरणीय संरक्षण जरूरत नहीं, आध्यात्मिक कर्तव्य

आज पूरी दुनिया पर्यावरण संकट के दौर से गुजर रही है। जलवायु परिवर्तन, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, नदियों का प्रदूषण और बढ़ता तापमान मानव सभ्यता के सामने गंभीर चुनौती बन चुके हैं। वैज्ञानिक समाधान आवश्यक हैं परन्तु केवल तकनीकी उपाय पर्याप्त नहीं हैं। जब तक मनुष्य की सोच और जीवनशैली प्रकृति के अनुरूप नहीं होगी, तब तक स्थायी समाधान संभव नहीं। भारतीय संस्कृति में प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि माता के रूप में देखा गया है। यही कारण है कि यहां पृथ्वी, नदियों, पर्वतों और वृक्षों के प्रति श्रद्धा का भाव रहा है। इसी सांस्कृतिक दृष्टि को पुनर्जीवित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समाज जीवन में "पंच परिवर्तन" का आह्वान किया है जिनमें समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। इनमें पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान ही नहीं बल्कि जीवन की संस्कृति है। भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण प्रकृति को अपनी ही अभिव्यक्ति बताते हुए कहते हैं," भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च। अहंकार इतीयं में भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥" (गीता 7.4) अर्थात पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, ये सभी मेरी प्रकृति के रूप हैं। यह श्लोक हमें बताता है कि प्रकृति के प्रत्येक तत्व में दिव्यता निहित है, इसलिए उनका संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक कर्तव्य भी है। गीता में प्रकृति के संतुलन का एक महत्वपूर्ण सूत्र यज्ञ की अवधारणा के माध्यम से दिया गया है,"अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्याद् अन्नसम्भवः। यज्ञाद् भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः॥" (3.14) अर्थात सभी प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न वर्षा से पैदा होता है और वर्षा यज्ञ से होती है। यहां "यज्ञ" का अर्थ केवल अग्नि में आहुति देना नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलित और कृतज्ञ जीवन जीना है। भारतीय परंपरा में प्रकृति के प्रति करुणा और संवेदनशीलता के अनेक प्रेरक प्रसंग मिलते हैं। संत एकनाथ की एक प्रसिद्ध कथा इसका सुंदर उदाहरण है। कहा जाता है कि वे काशी से कांवड़ में गंगाजल लेकर रामेश्वरम जा रहे थे ताकि भगवान शिव का अभिषेक कर सकें। मार्ग में उन्हें एक प्यासा गधा दिखाई दिया जो पानी के अभाव में तड़प रहा था। संत एकनाथ ने बिना क्षण भर सोचे अपनी कांवड़ का गंगाजल उसी गधे को पिला दिया। लोगों ने आश्चर्य से पूछा-"यह जल तो भगवान के अभिषेक के लिए था, आपने इसे एक पशु को क्यों दे दिया?" संत एकनाथ ने शांत स्वर में उत्तर दिया, "जिस भगवान के लिए मैं यह जल ले जा रहा था, वही तो इस प्यासे जीव में भी विराजमान हैं।" यह कथा हमें बताती है कि प्रकृति और जीव-जगत के प्रति करुणा ही सच्ची भक्ति है। इसी प्रकार श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत की कथा भी प्रकृति के सम्मान का संदेश देती है। ब्रज में लोग इन्द्र की पूजा करते थे, परंतु श्रीकृष्ण ने समझाया कि हमें उस प्रकृति का सम्मान करना चाहिए जो हमें प्रत्यक्ष जीवन देती है जैसे गो, पर्वत, वन और जल। कृष्ण के कहने पर ब्रजवासियों ने गोवर्धन पर्वत की पूजा की। इससे क्रोधित होकर इन्द्र ने भयंकर वर्षा कर दी, परंतु श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर पूरे ब्रज की रक्षा की। यह कथा बताती है कि प्रकृति का सम्मान ही सच्ची पूजा है। गीता भी हमें इसी समदृष्टि की शिक्षा देती है, "विद्या-विनय-सम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि। शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः॥" (5.18) अर्थात् ज्ञानी व्यक्ति, ब्राह्मण, गाय, हाथी, कुत्ते और चांडाल सबमें एक ही आत्मा का दर्शन करता है। जब मनुष्य इस समदृष्टि को समझ लेता है, तब वह प्रकृति और जीव-जगत का शोषण नहीं करता, बल्कि संरक्षण करता है।

आज आवश्यकता है कि हम गीता के इस संदेश को केवल ग्रंथों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने दैनिक जीवन में उतारें। जल बचाना, वृक्ष लगाना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना और प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना, ये छोटे-छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पंच परिवर्तन इसी दिशा में समाज को प्रेरित करता है कि प्रत्येक नागरिक प्रकृति के संरक्षण को अपना व्यक्तिगत कर्तव्य माने। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद कहते हैं कि गीता का संदेश स्पष्ट है ; मनुष्य प्रकृति का स्वामी नहीं बल्कि उसका संरक्षक है। जब हम प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीते हैं, तब केवल पर्यावरण ही नहीं बचता बल्कि मानव सभ्यता का भविष्य भी सुरक्षित रहता है। आज के पर्यावरण संकट के युग में भगवद्गीता का यह शाश्वत संदेश पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है, "प्रकृति के साथ समरसता ही मानव जीवन की सच्ची प्रगति है।"

( लेखक जीओ गीता के उपाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती


### युद्ध से त्रासदीपूर्ण मानवीय जीवन

दुनिया में किसी भी देश के लिए चाहे वह सत्य के लिए लड़ रहा हो या असत्य के लिए लड़ रहा हो, युद्ध की विभीषिकाएं कभी भी किसी भी देश के मानवीय जीवन के लिए वरदान साबित नहीं हुई हैं। धर्म और अधर्म के नाम पर दुनिया को महाभारत काल में रक्तरंजित कर लाखों शूरवीरों को लीलने वाला कौरव-पांडवों का दिल दहला देने वाला दारुण युद्ध दुनिया के देशों के सामने सबसे बड़ा उदाहरण है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। आज एक बार फिर दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की कगार पर खड़ी है। दुनिया में रूस-यूक्रेन युद्ध वर्षों से बिना नतीजे के अब तक जारी है और हाल ही में डेढ़ सप्ताह से ईरान-इजराइल और अमेरिकी युद्ध छिड़ जाने से एक बार फिर तीसरे महायुद्ध के बादल मंडराने लग गए हैं। युद्ध की विभीषिका से मध्यपूर्व के देशों की हालत बेहद खराब हो रही है।

*- रविन्द्र उपाध्याय, धमतरी*

## करंट अफेयर


# अमेरिका के नेब्रास्का राज्य ने दीपावली को मान्यता दी



अमेरिका के नेब्रास्का राज्य की विधायिका ने दीपावली उत्सव को मान्यता देने वाला एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसे सिएटल स्थित भारतीय मिशन ने राज्य के हिंदू समुदाय के लिए एक ' 'ऐतिहासिक' कदम बताया है। यह प्रस्ताव राज्य सीनेटर जॉन फ्रेडरिकसन द्वारा प्रायोजित किया गया था और 31 मार्च को स्पीकर जॉन आर्च ने इस पर हस्ताक्षर किए। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा कि इस प्रस्ताव को अपनाया जाना अमेरिका के मध्य पश्चिमी क्षेत्र में भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए एक 'ऐतिहासिक' घटना है और 'कॉर्नहस्कर स्टेट' (नेब्रास्का का आधिकारिक उपनाम) में रहने वाले लगभग 9,000 हिंदुओं के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि फ्रेडरिकसन लंबे समय से हिंदू समुदाय के समर्थक रहे हैं और मंदिरों के कार्यक्रमों में नियमित रूप से भाग लेते रहे हैं। उनके निर्वाचन क्षेत्र में 1993 में स्थापित 'हिंदू टेम्पल ऑफ ओमाहा' स्थित है। इस प्रस्ताव के तहत इस वर्ष 20 अक्टूबर को राज्यपाल जिम पिलेन द्वारा गवर्नर हाउस में भव्य दीपावली समारोह आयोजित करने की भी योजना है। भारतीय मिशन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'नेब्रास्का में दीपावली की ऐतिहासिक विधायी मान्यता।

## ऑफ बीट

# 22 मिनट का व्यायाम करेगा स्वास्थ्य जोखिमों को कम



विकसित देशों में लोग प्रतिदिन औसतन नौ से दस घंटे बैठे रहते हैं। चाहे वह कंप्यूटर के सामने समय बिताना हो, ट्रैफिक में फंसना हो, या टीवी के सामने आराम करना हो, हमारा जीवन तेजी से गतिहीन हो गया है। यह चिंताजनक है क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से मोटापा, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं जुड़ी होती हैं। ये स्वास्थ्य समस्याएं शीघ्र मृत्यु का कारण बन सकती हैं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए, दिन में केवल 22 मिनट व्यायाम करने से अत्यधिक गतिहीन जीवन शैली से समय से पहले मौत का खतरा कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग दिन में 12 घंटे से अधिक समय तक गतिहीन रहते थे, उनमें मृत्यु का जोखिम सबसे अधिक था (आठ घंटे तक गतिहीन रहने वाले लोगों की तुलना में 38% अधिक जोखिम)। हालाँकि, यह केवल उन लोगों में देखा गया जो प्रतिदिन 22 मिनट से कम मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करते थे। इसलिए जिन लोगों ने 22 मिनट से अधिक व्यायाम किया, उनके लिए अब कोई महत्वपूर्ण जोखिम नहीं था – यानी, जोखिम आम तौर पर उन लोगों के समान हो गया जो आठ घंटे तक गतिहीन थे।

## ट्रेंड

### स्व-गणना प्रपत्र



जनगणना के पहले चरण के अंतर्गत, शुरू हो रही 'हाउस लिस्टिंग' प्रक्रिया के तहत, मैंने स्व-गणना प्रपत्र भरा। यह प्रक्रिया भारत के विकास पथ को गति देने और यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी कि सरकारी योजनाएं प्रत्येक नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुंचें।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### भारतीयों की रक्षा



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हम अपने नागरिकों की रक्षा और सुरक्षा के लिए हर कदम उठाने में न केवल सक्षम हैं, बल्कि तैयार भी हैं। साथ ही, भारत किसी भी ऊर्जा संकट से निपटने में सक्षम है

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### नवाचार समावेशी



जब नवाचार समावेशी होता है, तो उसके सबसे बड़े लाभार्थी उसके नेतृत्वकर्ता बनते हैं। भारत की महिलाएं इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं। भारत में महिलाओं द्वारा दायर पेटेंट की संख्या सालाना 100 से बढ़कर 5,000 से अधिक हो चुकी है।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### ममता ही जीतेंगी



भाजपा बंगाल में चाहे कितने घपले कर ले पर वो वहां पक्का हारेगी। ममता दीदी की लोकप्रियता और जनसेवा के आगे भाजपाई सिर्फ बुरी हार से बचने का ही प्रबंध कर सकते हैं, और कुछ नहीं।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# बस्तर संभाग से तेलंगाना एवं अन्य प्रांतों में प्रवासित परिवारों के लिए पुनर्वास के लिए बनेगी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग के ऐसे विस्थापित परिवार जो किन्हीं कारणों से बस्तर संभाग के सीमावर्ती तेलंगाना एवं आन्ध्रप्रदेश में प्रवासित हैं, इनकी संख्या हजारों में है। ऐसे परिवारों के पुनर्वास की कार्ययोजना बनायी जा रही है। मंत्रालय महानदी भवन में गुरुवार को अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ की अध्यक्षता में पुनर्वास के लिए गठित राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समिति की प्रथम बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के संबंध में कार्ययोजना तैयार करने विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में बताया गया कि जिला दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के लोग तेलंगाना एवं आन्ध्रप्रदेश राज्य में प्रवासित हो गए है। इसके लिए प्रवासित परिवारों की ओर से राष्ट्रीय जनजातीय आयोग में याचिका दायर किया गया है। इसके तहत आयोग द्वारा एक माह के भीतर सर्वे कर प्रवासित परिवारों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके परिपालन में बस्तर संभाग के संभागायुक्त द्वारा एक समयबद्ध कार्यक्रम के तहत कलेक्टर दंतेवाड़ा, सुकमा एवं जिला बीजापुर को प्रवासित परिवारों के सर्वे किया जाकर 15 दिन के भीतर प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।



बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सर्वे अनुसार जिला दंतेवाड़ा से तेलंगाना प्रदेश के 60 ग्राम में 618 परिवार के 2654 व्यक्ति एवं जिला सुकमा से तेलंगाना प्रदेश के 293 ग्राम में 2733 परिवार के 12026 व्यक्ति तथा जिला बीजापुर से तेलंगाना प्रदेश के 114 ग्राम में 994 परिवार के 5029 व्यक्ति प्रवासित है। इस तरह छत्तीसगढ़ राज्य के उक्त तीनो जिला से तेलंगाना राज्य के 467 ग्राम में 4345 परिवार के 19709 व्यक्ति प्रवासित है। इसी तरह जिला दंतेवाड़ा से आंध्रप्रदेश के 25 ग्राम में 125 परिवार के 568 व्यक्ति एवं जिला सुकमा से आंध्रप्रदेश के 155 ग्राम में 2462 परिवार के 10787 व्यक्ति तथा जिला बीजापुर से आंध्रप्रदेश के 04 ग्राम में 07 परिवार के 34 व्यक्ति प्रवासित है। इस तरह से छत्तीसगढ़ राज्य के उक्त तीनो जिला से आंध्रप्रदेश राज्य के 184 ग्राम में 2594 परिवार के 11389 व्यक्ति प्रवासित है। इस प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य के जिला दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के 667 ग्राम से तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश राज्य के 651 ग्राम में 6939 परिवार के 31098 व्यक्ति प्रवासित है। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री पिंगुआ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बस्तर संभाग डोमन सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज से चर्चा कर अन्य प्रांतों में प्रवासित परिवारों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए एक बार और सीमावर्ती राज्यों के अधिकारियों से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर लें।

## बस्तर से हजारों लोग छोड़ चुके हैं इलाका

अपर मुख्य सचिव गृह श्री पिंगुआ ने कलेक्टर दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा से कहा है कि वे अपने-अपने जिलों से अन्य प्रांतों में प्रवासित लोगों के बारे में उनके मूल ग्राम एवं निवास स्थान से आवश्यक जानकारी तैयार कर लें। जिससे पुनर्वास योजना बनाने आसानी होगी। इसी तरह से पुनर्वास योजना बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित दिए गए है कि वे शीघ्र ही अपने-अपने विभागों के नोडल अधिकारी नियुक्त कर दें, जिससे शीघ्र पुनर्वास योजना बनाने में आसानी होगी।

**कांफ्रेंस में शामिल हुए ये अधिकारी**

वीडियो कॉन्फ्रेंस में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋर्चा शर्मा, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव शहला निगार, गृह विभाग की सचिव नेहा चम्पावत, आईजी बस्तर सुन्दरराज, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह सहित कलेक्टर दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा शामिल हुए। इसी तरह से बैठक में सामान्य प्रशासन, वित्त विभाग, राजस्व, स्कूल शिक्षा, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, वाणिज्य एवं उद्योग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

# अमित बोले- बिना सुनवाई का अवसर दिए 40 मिनट में दोषी करार, सतीश ने कहा- आज उनके परिवार को न्याय मिला

### जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया, सुप्रीम कोर्ट से मुझे अवश्य न्याय मिलेगा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी हत्याकांड मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अमित जोगी को दोषी मानते हुए 3 हफ्ते के भीतर सरेंडर करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के इस फैसले पर स्व. रामअवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने कहा, आज उनके परिवार को पूर्णतः न्याय मिला है, अंततः सत्य की जीत हुई है। मामले में अमित जोगी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, उच्च न्यायालय ने बिना सुनवाई का अवसर दिए मेरे विरुद्ध सीबीआई की अपील को मात्र 40 मिनट में स्वीकार कर लिया। मुझे खेद है कि जिस व्यक्ति को अदालत ने दोषमुक्त किया था, उसे बिना सुनवाई का एक भी अवसर दिए दोषी करार दिया गया। यह अप्रत्याशित है।

अमित जोगी ने कहा, अदालत ने मुझे 3 सप्ताह के अंदर सरेंडर करने का समय दिया है। मुझे लगता है कि मेरे साथ गंभीर अन्याय हुआ है। मुझे पूरा विश्वास है कि सर्वोच्च न्यायालय से मुझे न्याय अवश्य मिलेगा। मैं न्याय व्यवस्था पर पूरा विश्वास रखता हूं। मैं पूर्ण शांति, आस्था और धैर्य के साथ आगे बढ़ रहा हूं। सत्य की जीत अवश्य होगी।

### आज सत्य की जीत हुई- सतीश

सतीश जग्गी ने हाईकोर्ट के फैसले के बाद कहा, शुरू से ही वे सीबीआई जांच चाहते थे। सीबीआई ने इस मामले में साक्ष्य जुटाए और अपने केस में अमित जोगी को मुख्य आरोपी बनाया था। फिलहाल मामला न्यायालय में है। अमित जोगी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सतीश जग्गी ने कहा, 23 साल का वक्त कोई छोटा समय नहीं होता। एक साधारण परिवार को मुख्यमंत्री के परिवार से न्याय की लड़ाई लड़नी पड़ी, जिसमें कई बाधाएं आईं। उनके परिवार ने बहुत कुछ सहा, डर और दबाव भी झेला। 23 साल कहना आसान है, लेकिन ऐसे प्रभावशाली परिवार से लड़ना, जिसके पास सब कुछ हो और उनके पास कुछ भी नहीं, यह बेहद कठिन था। उनके पास सिर्फ सत्य था और आज उसी सत्य की जीत हुई है।

## पश्चिमी विक्षोभ ने गिराया पारा, अगले पांच दिन गर्मी से राहत

रायपुर। मार्च अंत में गर्मी की तपिश झेलने के बाद अप्रैल में पश्चिमी विक्षोभ ने लोगों को राहत दी है। 40 डिग्री पार कर चुका रायपुर का तापमान 37 डिग्री पर आ गया है। यह सामान्य से 1.5 डिग्री कम है। हालांकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक 25.9 डिग्री दर्ज किया गया। सर्वाधिक तापमान 39.5 डिग्री राजनांदगांव में दर्ज किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान दुर्ग में 20.4 डिग्री दर्ज हुआ। अगले पांच दिनों तक तापमान में वृद्धि की संभावना नहीं है। लोगों को अधिक गर्मी का सामना अप्रैल के प्रथम सप्ताह में नहीं करना पड़ेगा। पेंड्रा में एक सेमी बारिश भी दर्ज की गई। राजधानी में भी हल्के बादल छाए रहे। इस कारण भी धूप की चुभन से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पूर्वी ईरान और उससे लगे अफगानिस्तान के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

# जनगणना के लिए मकानों की गिनती शुरू, मई से काम होगा तेज, जनता को देने होंगे 33 सवालों के जवाब

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 के लिए काम शुरू हो गया है। राजधानी रायपुर सहित अन्य कुछ जिलों में लोगों के घरों पर मकान नंबर लिखने का काम शुरू हो गया है। जनगणना शुरू होने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी लोगों के घर-घर जाकर 33 सवाल पूछेंगे। इन सवालों को जनगणना में शामिल किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण और आवास गणना) का मैदानी कार्य आधिकारिक तौर पर 1 मई 2026 से शुरू होना निर्धारित है। वर्तमान में (अप्रैल 2026 के प्रथम सप्ताह तक), राज्य के सभी जिलों में इस कार्य के लिए तैयारी और प्रशिक्षण का चरण अंतिम दौर में है। मकान-दर-मकान जाकर सूचीकरण का काम मई से शुरू होगा, इसलिए अभी तक पूर्ण हो चुके कार्य के जिलेवार आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार जनगणना के लिए चल रहे काम के दौरान रायपुर, दुर्ग, रायगढ़ और बलरामपुर जैसे जिलों में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। मकानों की नंबरिंगः रायपुर नगर निगम और दुर्ग जिले में मकानों के दीवारों पर नंबर डालने का प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिया गया है ताकि 1 मई से मुख्य गणना सुचारू रूप से हो सके। छत्तीसगढ़ सरकार ने भारत की आगामी जनगणना 2027 को लेकर आधिकारिक बिगुल फूंक दिया है। राज्य शासन के गृह (सामान्य) विभाग ने 3 फरवरी 2026 को एक अधिसूचना जारी कर केंद्र सरकार के उन निर्देशों को पुनः प्रकाशित किया है, भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी इस अधिसूचना के अनुसार, जनगणना अधिकारियों को यह शक्ति दी गई है कि वे निर्धारित स्थानीय क्षेत्रों में जाकर नागरिकों से मकान और परिवार की सुख-सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र करें ।

### घर-घर आएंगे जनगणना वाले

जनगणना के दौरान प्रगणक आपके घर आकर मुख्य रूप से 33 श्रेणियों में जानकारी मांगेंगे। इसमें मकान की बनावट से लेकर आपके पास मौजूद इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स तक की जानकारी शामिल होगी। इसके साथ ही ये सवाल पूछे जाएंगे। मकान की स्थितिः भवन और जनगणना मकान नंबर, फर्श, दीवार और छत में प्रयुक्त सामग्री, तथा मकान की वर्तमान हालत । पीने के पानी का मुख्य स्त्रोत और उसकी उपलब्धता, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी और स्नानगृह की सुविधा ।

# पीडब्लूडी की उपलब्धि- एक वित्तीय वर्ष में 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ से अधिक की दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

लोक निर्माण विभाग के लिए विगत 31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष 2025-26 ऐतिहासिक रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग ने राज्य के निर्माण के बाद से अब तक सबसे ज्यादा कार्यों और राशि की प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी किए हैं। विगत वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा कुल 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ 18 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। यह राशि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के बाद से किसी एक वर्ष में स्वीकृत सर्वाधिक राशि के दोगुने से भी ज्यादा है। वर्ष 2025-26 में मंजूर की गई राशि 2024-25 में स्वीकृत 2589 करोड़ 89 लाख रुपए की तुलना में तिगुने से भी ज्यादा है, जबकि कार्यों की संख्या दोगुने से भी अधिक है। हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में लोक निर्माण विभाग ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की मांगों, जरूरतों और जन आकांक्षाओं को देखते हुए उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री अरुण साव के निर्देश पर 1925 नए कार्यों को शामिल करते हुए इनके लिए 2287 करोड़ रुपए के प्रावधान किए थे। पिछले वर्ष के बजट में राज्य निर्माण के बाद से सर्वाधिक संख्या में नए कार्यों के प्रस्ताव शामिल किए गए थे। बजट में शामिल नए कार्यों को प्राथमिकता में रखते हुए बड़ी संख्या में इनकी मंजूरी के आदेश जारी किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने प्रदेशभर में सड़कों और पुलों के कार्यों को गति देने प्रस्तावित कार्यों के जल्द से जल्द डीपीआर तैयार कर ज्यादा से ज्यादा कार्यों की स्वीकृति के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर विभाग ने सक्रियता और तत्परता से अमल करते हुए बीते वित्तीय वर्ष में अब तक के सर्वाधिक 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ की राशि को मंजूरी दी है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इस तत्परता के लिए सभी विभागीय अधिकारियों और अमले की पीठ थपथपाते हुए कहा कि सरकार राज्य की अधोसंरचना को मजबूत करने अभूतपूर्व गति से कार्य कर रही है।

# 57 हजार मीट्रिक टन चावल अब तक जमा नहीं, 121 राइस मिलरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर जिले में उपार्जन केंद्रों से अब तक जहां धान उठाव का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पाया है, वहीं धान उठाव के विरुद्ध चावल जमा करने के कार्य में भी मिलरों द्वारा लेटलतीफी की जा रही है। इसके कारण जिल में अब तक 57 हजार मीट्रिक टन से भी अधिक चावल जमा नहीं हो पाया है। मिलरों के पास अब धान उठाव के विरुद्ध चावल जमा करने के लिए 28 दिन ही बचे हैं। 30 अप्रैल को चावल जमा करने की अंतिम तारीख है। इसके मद्देनजर खाद्य विभाग ने अब राइस मिलरों पर सख्ती करना शुरू कर दिया है। इसके तहत 121 मिलरों को समय के भीतर चावल जमा करने के लिए नोटिस जारी किया। अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित समय में चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध कलेक्टर के निर्देश पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिन राइस मिलरों ने धान उठाव के विरुद्ध चावल जमा नहीं किया हैं। उनकी संख्या 121 है। इनमें 18 राइस मिलर ऐसे हैं जिनके द्वारा एक हजार से लेकर 2600 मीट्रिक टन तक चावल जमा नहीं किए। इनमें 2 हजार मीट्रिक टन से अधिक चावल वाले मिलरों की संख्या 5 है। इन मिलरों के नाम क्रमशः एमएस इंडियन राइस, अग्रोहा इंडस्ट्रीज, कोनार्क इंडस्ट्रीज, कोनार्क इंडस्ट्रीज एचयूएफ एवं महालक्ष्मी पड्डी प्रोसेसिंग कंपनी शामिल है। इसी प्रकार 1 हजार से 2 हजार मीट्रिक टन चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों में गोयल एग्रो इंडस्ट्रीज, अमित एग्रो प्रो., श्रीओम राइस टेक प्रा.लि., आर्यन राइस इंडस्ट्रीज, जिंदलानी राइस मिल, गोयल एग्रो इंडस्ट्रीज प्रा.लि., गुरुनानक राइस इंडस्ट्रीज, कोनार्क इंडस्ट्रीज, गोयल एग्रो निर्मला राइस मिल, श्रीतिरूपति राइस इंडस्ट्रीज, विद्याश्री राइस मिल एवं मां संतोषी राइस मिल शामिल है। जिले में अभी तक समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदा गया धान का शत-प्रतिशत उठाव भी नहीं हो पाया है। सात हजार मीट्रिक टन धान अभी भी उपार्जन केंद्रों में पड़ा हुआ हैं। बचे हुए धान को 40 राइस मिलरों द्वारा उठाव किया जाना है। बताया जा रहा है कि समय-सीमा खत्म होने के बाद भी जो धान उठा नहीं हैं।



# निजी उद्योगों से नहीं वसूला बिजली बिल, तो आप काटेगी कनेक्शन

### प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि को लेकर आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि और बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर बिरगांव के बिजली ऑफिस का घेराव कर अपनी 6 सूत्री मांगों पर वितरण कंपनी के एमडी के नाम ज्ञापन दिया । पार्टी ने कहा, सरकार को जनता पर बार-बार बिजली दर बढ़ाकर आर्थिक बोझ डालने के बजाय बिजली उत्पादन और प्रबंधन सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर तकनीक का दुरुपयोग, और लगातार खराब प्रबंधन से आम जनता त्रस्त है। यह स्थिति दर्शाती है कि ऊर्जा विभाग पूरी तरह ब्यूरोक्रेट्स के प्रभाव में काम कर रहा है, जिससे जनहित की अनदेखी हो रही है। पार्टी ने कहा, यदि बिजली दर में वृद्धि होती है तथा निजी उद्योगों और सरकारी विभागों के पेंडिंग 3100 करोड़ राशि की वसूली नहीं कारती है, तो एक मई के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जाकर उनका बिजली कनेक्शन काटेंगे।

आप ने हाल ही में लागू किए गए नए टेंडर सिस्टम को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी ने कहा कि यह पूरा सिस्टम अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। विभाग की लापरवाही और खराब प्रबंधन के कारण प्रदेश की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। आम आदमी पार्टी ने प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि को तत्काल वापस लेने सहित बिजली विभाग के वर्तमान एमडी को बदलने, बड़े अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा, टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है।

पार्टी ने कहा, स्मार्ट मीटर व्यवस्था में सुधार कर जनता को राहत दी जाए तथा अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए।


**छ.ग. गृह निर्माण मंडल, वृत्त-बिलासपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना** वि.क्र.-19

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल वृत्त-बिलासपुर अन्तर्गत संभाग रायगढ़ में अटल विहार योजनांतर्गत दानसरा, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में 50 नग एम.आई.जी., 252 नग एल.आई.जी., 152 नग ई.डब्ल्यू.एस. कुल 454 नग स्वतंत्र भवनों का निर्माण कार्य एवं 10.094 हेक्टेयर भूमि का विकास कार्य हेतु प्री-क्वालिफिकेशन के आधार पर तृतीय ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग रायगढ़ के मो.नं. 9174908523 पर संपर्क करें।

संवाद-47383 उपायुक्त



**कार्यालय नगर पंचायत पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

EMAIL ID - nppatharia13@gmail.com

क्रमांक 14/ लो.नि.वि./न.पं./2026-27 पथरिया, दिनांक 02/04/2026

**// ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना //**

http//eproc.cgstate.gov.in

UAD portal:http/Uadcgeprocurement.govt.in

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पंचायत पथरिया के निम्नलिखित कार्य का ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रमांक | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 188411 | वार्ड क्रमांक 12 में महामाया मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 10.00 | 7500.00 |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत शर्तें/निविदा विज्ञप्ति/निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में एवं विभागीय वेबसाईड eproc.cgstate.gov.in व www.cguad.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पथरिया, जिला- मुंगेली (छ.ग.)



**कार्यालय शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)**

क्र. 460/भण्डार/गोप.1/2026-27 जगदलपुर, दिनांक 01/04/2026

**Tender for Pre & Post Examination and other Online Works**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु Pre & Post Examination and other Online Works के लिये इच्छुक फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में सीलबंद निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/पी.एण्ड.टी. विभाग से अधिकृत कोरियर द्वारा दिनांक 07.04.2026 से अंतिम तिथि 27.04.2026 अपरान्ह 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। पर्याप्त प्राप्त निविदायें दिनांक 29.04.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र एवं नियम-शर्त इत्यादि का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in पर देखा जा सकता है।

संवाद-47380 कुलसचिव



**प्राचार्या, शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय कुरुंद धमतरी**

क्रमांक / 14 / शा.न.म./ 2026 दिनांक 1/4/26

**प्रस्तावित नवीन शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय कुरुद (धमतरी) भवन एवं छात्रावास हेतु किराये पर भवन का द्वितीय विज्ञापन**

शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, कुरुद (जिला-धमतरी) के लिए किराये पर शैक्षणिक भवन (कुल क्षेत्रफल लगभग 23,200 वर्गफुट) एवं छात्रावास भवन (60 छात्र क्षमता, कुल क्षेत्रफल लगभग 21,100 वर्गफुट) उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक भवन स्वामियों से बंद लिफाफे में प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्तावित भवन कुरुद नगर क्षेत्र में स्थित, सुगम पहुँच मार्ग सहित, तथा बिजली-पानी की पर्याप्त व्यवस्था युक्त होना चाहिए। किराया दर का निर्धारण भाड़ा नियंत्रण अधिकारी द्वारा भवन की विवेचना के पश्चात किया जाएगा।

विज्ञापन का प्रस्ताव प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय संध्या 5 बजे तक रजिस्टर्ड स्पीड पोस्ट द्वारा शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय कचांदुर, चतुर्थ मंजिल, शासकीय चंद्रलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज, दुर्ग (पिन-490024) के पते पर भेजना अनिवार्य है। लिफाफे पर *"नर्सिंग महाविद्यालय कुरुद हेतु किराया भवन प्रस्ताव"* स्पष्ट रूप से अंकित करें। अंतिम दिवस के दिन अवकाश होने पर अवकाश के बाद की तिथि में कार्यालयीन समय संध्या 5 बजे तक विज्ञापन जमा किया जा सकेगा।

विस्तृत जानकारी शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, दुर्ग में चस्पा की गई है अथवा नीचे दिए गए दूरभाष क्रमांक पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। भवन स्वामित्व से संबंधित समस्त दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित छायाप्रति के साथ वैध पैन नंबर एवं जी.एस.टी. नंबर संलग्न करना अनिवार्य होगा।

नोडल अधिकारी
(Mobile Number :-9301908268)

जी. 262700028/2 प्रभारी प्राचार्या



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. / निर्माण / 2026 दिनांक 27.03.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र 54 अंतर्गत कुमगरी मुख्य चौक से पण्डाल होते हुए प्राथमिक शाला कुम्हारी तक सड़क डामरीकरण कार्य (अधोसंरचना मद) (द्वितीय निविदा) | 40.00 | 15.04.2026 (T.No. 188089) |
| 2 | वार्ड क्र 52 अंतर्गत अयोध्यापुरी मुख्यमार्ग बस स्टॉप से होते हुए पाईप लाईन तक सड़क डामरीकरण कार्य (अधोसंरचना मद)) (द्वितीय निविदा) | 32.00 | 15.04.2026 (T.No. 188090) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)



**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी मुंगेली, वनमंडल मुंगेली (छ.ग.)**

Email - dfomungeli@gmail.com, dfo.mungeli@cg.gov.in

**हल्का वाहन चालक (बैकलॉग) अनुसूचित जाति के रिक्त पद सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन**

प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख छत्तीसगढ़ अटल नगर, नवा रायपुर के पत्र क्र. / प्रशा.अराज.1/442-2/2025/283 दिनांक 15.01.2026 के निर्देशानुसार मुंगेली वनमंडल अंतर्गत हल्का वाहन चालक (बैकलॉग) पद के सीधी भर्ती की कार्यवाही हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों से दिनांक 01.04.2026 से 16.04.2026 सायं 05:30 बजे तक पता-कार्यालय वनमंडलाधिकारी मुंगेली वनमंडल मुंगेली (छ.ग.) में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कार्यालय में सीधे प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

विस्तृत विज्ञापन, रिक्त पदों की जानकारी, भर्ती प्रक्रिया, अन्य जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाईट https://forest.cg.gov.in/ में उपलब्ध है।

हल्का वाहन चालक (बैकलॉग) अनुसूचित जाति के रिक्त पद की जानकारी :-

| क्र. | पद का नाम | अ.जा. | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | |
| 1 | हल्का वाहन चालक | 01 | 0 | बैकलॉग |

जी. 262700021/2

वनमंडलाधिकारी
मुंगेली वनमंडल मुंगेली (छ.ग.)



बच्चो, तुमने अकसर अपने से बड़ों को यह कहते हुए सुना होगा-एक तंदुरुस्ती हजार नियामत। यह सिर्फ कहावत नहीं है, अच्छी लाइफ जीने का सीक्रेट भी है। अच्छी लाइफ जीने के लिए हेल्दी होना बहुत जरूरी है। तभी तुम अच्छी तरह से अपनी पढ़ाई कर सकोगे, खूब खेल सकोगे और बार-बार बीमार भी नहीं पड़ोगे। इसके लिए तुमको यहां बताई जा रही कुछ गुड हैबिट्स से दोस्ती करनी होगी।

# गुड हैबिट्स से करो दोस्ती
# हमेशा रहोगे हेल्दी-एनर्जेटिक

अवेयरनेस
रजनी अरोड़ा

बच्चो, तुम यह तो जानते ही होगे कि हर वर्ष 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ-डे मनाया जाता है। पर क्या तुम यह जानते हो कि इसे क्यों मनाया जाता है? दरअसल, यह इसलिए मनाया जाता है ताकि दुनिया भर के लोग अपनी हेल्थ को लेकर अवेयर रहें। इसके लिए गुड हैबिट्स को अपनाएं और बैड हैबिट्स से दूर रहें। तुम भी यहां बताई जा रही बातों को फॉलो कर हमेशा हेल्दी और एनर्जेटिक रह सकते हो।



**अपनाओ हेल्दी रूटीन:** अच्छी हेल्थ के लिए हेल्दी रूटीन अपनाना बहुत जरूरी है। कोशिश करो कि रोज रात में 10 से 10.30 बजे तक सो जाओ और सुबह 6-6.30 बजे तक उठो। 7-8 घंटे की अच्छी नींद शरीर और दिमाग दोनों के लिए जरूरी होती है। इससे तुम पूरे दिन एक्टिव, फ्रेश और एनर्जेटिक फील करोगे। अगर नींद पूरी नहीं होगी, तो पढ़ाई में मन नहीं लगेगा, सुस्त महसूस करोगे और शरीर भी थका-थका लगेगा। अच्छी नींद के लिए सोने से लगभग एक घंटा पहले मोबाइल, टीवी या कंप्यूटर देखना बंद कर दो, क्योंकि स्क्रीन की रोशनी नींद में रुकावट डालती है।

सुबह उठकर 5-10 मिनट ताजी हवा और हल्की धूप में टहलना, स्ट्रेचिंग या माइंडफुल डीप ब्रीदिंग करना भी बहुत फायदेमंद है। इससे तुमको स्वच्छ ऑक्सीजन और विटामिन-डी मिलेगा।

**पर्सनल हाइजीन का रखो ध्यान:** रोज नहाना, साफ ड्रेस पहनना और शरीर को साफ रखना हेल्दी रहने के लिए बहुत जरूरी है। साबुन से नहाने से शरीर पर जमा धूल, पसीना और कीटाणु साफ हो जाते हैं। गर्मियों में पसीना ज्यादा आता है, इसलिए जरूरत हो तो गर्मी के दिनों दिन में दो बार भी नहा सकते हो। हफ्ते में 2 बार अच्छे से बाल धोना जरूरी है, ताकि गंदगी और पसीने से होने वाले फंगल इंफेक्शन से बचा जा सके।

**रेग्युलर करो हैंडवॉश:** तुम्हें अपने हाथ नियमित रूप से, खासकर खाना खाने से पहले धोने की आदत जरूर डालनी चाहिए। ऐसा न करने से हाथ में छुपे बैक्टीरिया खाने के साथ मुंह से शरीर में जा सकते हैं और तुमको बीमार कर सकते हैं। छींक-खांसी आने पर नाक-मुंह साफ करने के बाद, ट्वॉयलट के बाद, बाहर से आने के बाद हाथों को 40 सेकेंड के लिए साबुन लगाकर जरूर साफ करो और साफ तौलिए से पोछो। इससे हाथों के कीटाणु शरीर में नहीं जाते और बीमारियों से बचाव होता है।



**ओरल हाइजीन है जरूरी:** ब्रश और माउथवॉश से दांतों की क्लीनिंग, तुम्हारी डेंटल हाइजीन रूटीन का हिस्सा होना चाहिए। डेंटिस्ट भी दांतों की सफाई के लिए 2-2-2 का फार्मूला फॉलो करने के लिए कहते हैं। यानी दिन में 2 बार कम से कम 2 मिनट तक ब्रश करो और साल में 2 बार अपने दांत डेंटिस्ट से जरूर चेक कराओ। कुछ भी खाने के बाद गार्गल जरूर करो। इससे मुंह साफ रहेगा और तुम्हारे दांत खराब नहीं होंगे। रात को सोने से पहले ब्रश जरूर करो।

**हॉबीज को दो टाइम:** जहां तक हो सके इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर कार्टून फिल्म या गेम्स खेलने से दूर रहो। कभी-कभी खेल सकते हो।



इसके बजाय मेंटल शार्पनेस बढ़ाने वाले पजल गेम्स खेलना फायदेमंद है। अपनी रुचि के हिसाब से तुम पेंटिंग, क्राफ्ट, डांस-म्यूजिक, इंस्ट्रूमेंट प्लेइंग जैसी एक्टिविटीज की लर्निंग-क्लासेज जॉइन कर सकते हो। इससे तुम्हारी क्रिएटिविटी तो बढ़ेगी ही तुम हेल्दी और एक्टिव भी रहोगे।

**आंखों का रखो ध्यान:** आंखें हमारे शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है, इसलिए तुम्हें अपनी आंखों का पूरा ध्यान रखना चाहिए। लापरवाही, गलत आदतों और समुचित देखभाल के अभाव में आई साइट कमजोर हो सकती है। कंप्यूटर, मोबाइल या टीवी की स्क्रीन की ब्राइटनेस और कंट्रास्ट को एडजेस्ट करो, लंबे समय तक कंप्यूटर या टीवी न देखो। बीच-बीच में आंखों को रिलैक्स करो।

पढ़ने के लिए लाइट की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। पढ़ते वक्त टेबल पर रखी बुक से आंखें 20 इंच या दो हाथ की दूरी होनी चाहिए। लगातार पढ़ने के बजाय 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड का ब्रेक जरूर लो। इस ब्रेक में तुम आंखें बंद कर बैठो या आंखों के व्यायाम करो।

**खेलो आउटडोर गेम्स:** शाम को दोस्तों के संग कम-से-कम एक घंटा आउटडोर गेम्स खेलो। इन गेम्स से तुम फिजिकली स्ट्रांग तो बनोगे ही, इससे स्ट्रेस रिलीज होने के बाद स्टडी पर कंसंट्रेट भी कर पाओगे। तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। *

## रेग्युलर खाओ हेल्दी डाइट



**हेल्दी रहने** के लिए समय पर खाना बहुत जरूरी है। नाश्ता कभी मत छोड़ो, क्योंकि यही तुम्हें सुबह की ऊर्जा देता है। डिनर हमेशा सोने से 2-3 घंटे पहले कर लो ताकि खाना आसानी से पच सके। जल्दबाजी में या टीवी देखते हुए मत खाओ। खाना हमेशा चबा-चबाकर खाना चाहिए। इससे डाइजेशन संबंधी कोई समस्या नहीं होगी। दिन में 3 बड़े मील्स की बजाय 5-6 छोटे हेल्दी मील लेना ज्यादा अच्छा होता है। हेल्दी और फिट रहने के लिए रोजाना न्यूट्रीशन से भरपूर बैलेंस डाइट ही खाओ। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिंस, फैट और कैल्शियम का प्रॉपर बैलेंस तुम्हारी डाइट में होना चाहिए। जंक या फास्ट फूड ज्यादा खाने से परहेज करो, यह बहुत नुकसानदायक होता है।

# अब तो चश्मा लगेगा

निम्मी को आंखों में तकलीफ हुई तो डॉक्टर ने कहा, मोबाइल ज्यादा देखने की वजह से उसकी आंखें कमजोर हो गई हैं, अब उसे चश्मा पहनना पड़ेगा। निम्मी यह सोचकर रुआंसी हो गई कि अब उसके फ्रेंड्स उसे चश्मिश कहेंगे। तो क्या सचमुच निम्मी की आंखों में चश्मा चढ़ गया?




छोटी कहानी
सिराज अहमद

निम्मी की आंखें आज जरा सुर्ख थीं। पहले तो उसने गौर नहीं किया, लेकिन जब उसे आंखों में किरकिरी और चुभन महसूस होने लगी, तो वह दौड़ी-दौड़ी मम्मी के पास पहुंची, बोली, 'मेरी आंखें लाल हो रही है। चुभन भी बहुत हो रही है।'

मम्मी ने ध्यान से देखा, बाईं आंख कुछ ज्यादा ही लाल थी। वह बिना देर किए निम्मी को घर के पास के आई क्लिनिक में ले गईं।

डॉक्टर साहब ने अपना चश्मा उतारकर निम्मी को देखा और भारी आवाज में पूछा, 'बेटा, क्या तुम मोबाइल बहुत देखती हो?' निम्मी एकदम खामोश हो गई। मम्मी ने उसकी ओर तिरछी नजरों से देखा और शिकायत भरे लहजे में बोलीं, 'बिल्कुल देखती है डॉक्टर साहब! मना करने पर तो जैसे इसके कान बंद हो जाते हैं।'



एआई इमेज

आंखों की कुछ जांच करने के बाद डॉक्टर साहब गंभीर होकर बोले, 'हूं, अब तो चश्मा लगाना पड़ेगा, वरना आंखें और भी कमजोर हो जाएंगी।'

'चश्मा, यह शब्द सुनते ही निम्मी के सब्र का बांध टूट गया। उसकी आंखों से आंसू टपकने लगे। उसने सोचा, 'अब मेरे फ्रेंड्स तो मुझे चश्मिश कहकर चिढ़ाएंगे..! मैं कितनी बुरी लगूंगी!'

निम्मी को रोता देखकर मम्मी और डॉक्टर साहब, दोनों को बात समझ आ गई कि वह चश्मा नहीं लगवाना चाहती है। मम्मी ने उसे पुचकार कर चुप कराया।

तभी डॉक्टर साहब अचानक खिलखिलाकर हंस पड़े और बोले, 'अरे अरे निम्मी, मत रो! अभी चश्मा नहीं लगेगा। यह तो बस मामूली इंफेक्शन है, जो दवाई से ठीक हो जाएगा। लेकिन याद रखना, अगर मोबाइल देखना नहीं छोड़ा, तो जल्द ही आंखों पर चश्मा चढ़ जाएगा।'

यह सुनकर निम्मी की जान में जान आई। उसने फौरन अपनी सजल आंखों से मम्मी और डॉक्टर साहब की तरफ देखा और वादा किया कि वह अब मोबाइल से तौबा कर लेगी। सब कुछ ठीक ही था कि तभी उसे कुछ याद आया, वह दोबारा रोने लगी। मम्मी ने हैरान होकर पूछा, 'अब क्या हुआ निम्मी?' बड़ी मासूमियत से मुंह बिगाड़कर वह बोली, 'पर मैं वो कड़वी दवाइयां कैसे खाऊंगी?'

निम्मी की यह मासूम बात सुनते ही डॉक्टर और मम्मी, दोनों ठहाके मारकर हंस पड़े। डॉक्टर साहब ने हंसते हुए निम्मी के सिर पर हाथ फेरा और बोले, 'अरे बिटिया, आंख के इंफेक्शन के लिए कड़वी गोलियां नहीं, बल्कि ठंडी-ठंडी आई-ड्रॉप्स डालनी होती हैं। बस दो बूंद डालोगी, आंखों को तुरंत आराम मिलेगा।'

निम्मी के चेहरे पर मुस्कान तैर गई। उसे खुश देखकर मम्मी को भी तसल्ली हुई। *

कविता / सृष्टि पांडेय

## तन स्वस्थ रखो

रोज सुबह व्यायाम करो,
आसन, प्राणायाम करो।
मन को अपने मस्त रखो,
करो योग, तन स्वस्थ रखो।

सब रोगों की सहज दवा,
ताजी ठंडी शुद्ध हवा।
दूर रहेगी बीमारी,
योग सभी पर है भारी।



## बूझो तो जानें



1 वजन उठाते बारी-बारी
पड़ते कभी न सुस्त।
हो निरोग देह तो ये भी
रहते हैं तंदरुस्त।।

2 बोझ बदन का ढोया करते
मन-ही-मन मुसकाते।
जीवन एक नाम चलने का
हमको हैं समझाते।।




3 शुद्ध अशुद्ध रक्त है इसमें
हर पल रहे धड़कता।
इसकी धड़कन के कारण ही
जीवन आगे बढ़ता।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.डंबल, 2.पैर, 3.हृदय

## जीके क्विज-199

1. आइपीएल के इतिहास की सबसे महंगी टीम कौन बन गई है?
2. खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
3. विश्व धरोहर दिवस कब मनाया जाता है?
4. उत्तराखंड की राजधानी कहां है?
5. आगरा शहर की स्थापना किसने की थी?
6. जालियांवाला बाग किस राज्य में स्थित है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
9. ब्लू सिटी के नाम से भारत के किस शहर को जाना जाता है?
10. रेडक्लिफ रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?



बच्चो, जीके क्विज-199 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-198 का उत्तर:** 1. फिनलैंड, 2. ममता कालिया, 3. 7 अप्रैल, 4. बालेंद्र शाह, 5. महावीर, 6. आईएनएस अंजदीप, 7. असम, 8. जॉर्ज वॉशिंगटन, 9. 32, 10. रूस

**जीके क्विज-198 का सही उत्तर देने वाले:** रमाकांत-बिलासपुर, कबीर-हिसार, दिव्यांश-दुर्ग, अनुभव-राजनांदगांव, अनहद-बिलासपुर, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, संचित-बलौदा बाजार



कहानी
शोभना श्याम

निखुरी गिलहरी बहुत आलसी थी, उसे जो उल्टा-सीधा खाने को मिल जाता खा लेती, जबकि उसकी बहन चिखुरी मेहनत से स्वच्छ, पौष्टिक भोजन खोजकर खाती। वह निखुरी को गलत भोजन करने से रोकती, लेकिन वह एक ना सुनती। एक दिन निखुरी की तबियत बुरी तरह बिगड़ गई, यह उसके लिए बहुत बड़ा सबक बना।

# चिखुरी और निखुरी



एआई इमेज

शहर के एक मोहल्ले में एक छोटा-सा पार्क है। कभी यह पार्क हरियाली से भरा रहता था। अब यहां हरियाली के नाम पर इकलौता सूखा-सा पीपल का पेड़ और टूट कर गिरा हुआ एक नीम का पेड़ है। यहां दो गिलहरी बहनें रहती हैं-चिखुरी और निखुरी। जहां चिखुरी खूब चुस्त और मेहनती है, वहीं निखुरी आलसी और कामचोर है।

चिखुरी प्रतिदिन सुबह उठते ही पार्क से बाहर निकल जाती थी। उसने पार्क के आस-पास ही लगे तरह-तरह के फलों और सब्जियों के पेड़ भी खोज रखे थे। उसका जिस दिन जो भी खाने का मन होता, वहीं जाती और छक कर खाती। कुछ फल-सब्जियां या बीज लाकर अपने घर में रख लेती थी। अमरूद, जामुन, मटर, फलियां, खरबूजे और अन्य फल, सब्जियों के बीज, बढ़िया-बढ़िया खाना खाने और दौड़-भाग करने के कारण चिखुरी की सेहत खूब अच्छी हो गई थी। फुर्तीली तो इतनी थी कि लोगों के सामने ही उनके पेड़ों से फल, सब्जी या फलियां तोड़ लेती और लंबी-लंबी छलांगें मारती निकल जाती, फिर दूर जाकर कभी छीलकर तो कभी कुतर-कुतर कर ऐसे मजे लेकर खाती जैसे उन्हें चिढ़ा रही हो।

उधर निखुरी को जो कुछ पार्क में मिलता, उसी को खाकर आराम करती रहती। एक बार चिखुरी ने निखुरी से कुछ अच्छा खाने के लिए अपने साथ पार्क से बाहर चलने के लिए कहा तो वह जम्हाई लेते हुए बोली, 'मुझे तो यहीं पार्क में गुजारे लायक खाने को मिल ही जाता है, तो दूर जाने की क्या जरूरत है? वो देख पार्क के कोने में जो टूटा हुआ चबूतरा है ना, उस पर लोग कितना कुछ खाने को रख जाते हैं। जब तू खाने के लिए बाहर भटकती है, तब मैं मजे से चबूतरे पर पड़ी तरह-तरह की चटपटी चीजें खाती हूं, वो भी बिना मेहनत किए।'

'हे भगवान तू वो वाला खाना खाती है! तुझे कुछ पता भी है, वह खाना हमारे स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। एक तो वह इंसानों के घरों का बचा हुआ बासी और खराब खाना होता है। अगर खराब न भी हो तो भी इंसान हम से बिल्कुल अलग हैं, उनका खान-पान भी हमसे बहुत अलग है। इंसान ज्यादातर खाना पकाकर खाते हैं, उसमें घी, तेल, नमक, मसाले, चीनी डालते हैं। हमें कुदरत ने हमारे हिसाब से प्राकृतिक चीजें मतलब फल, सब्जी, बीज और मेवे आदि खाने के लिए दिए हैं। हमें बस इन्हें ढूंढ़ कर खाना होता है। जिसे तू बाहर भटकना कहती है, वह मेहनत है, जो शरीर और मन दोनों की सेहत और ताकत के लिए जरूरी है।' निखुरी पर चिखुरी की बात का कोई असर न हुआ, वह बड़ी लापरवाही से बोली, 'यह सब बेकार की बातें हैं। ताकत तो खाने-पीने से आती है। वह बैठे-बैठे मिल जाए तो इससे बढ़िया बात क्या?'

'तुझे तो कुछ भी समझाना बेकार है।' यह कहकर चिखुरी फुदकती हुई पार्क से बाहर निकल गई। निखुरी चबूतरे की तरफ खाना खाने चली गई।

निखुरी दिन पर दिन और आलसी होती जा रही थी। ऊपर से देखने में तो वह चिखुरी से मोटी दिखती थी, लेकिन अंदर ही अंदर बहुत कमजोर हो गई थी। एक दिन चिखुरी जब खाना लेकर लौटी तो उसने देखा कि निखुरी टूटे हुए पेड़ के नीचे पड़ी पेट पकड़कर कराह रही है। उसे उल्टियां भी हो रही थीं। चिखुरी के पूछने पर उसने बताया, 'पेट में भयानक दर्द हो रहा है, जी मिचला रहा है।' चिखुरी के यह पूछने पर कि उसने क्या खाया तो निखुरी ने चबूतरे पर बिखरे खाने की ओर इशारा कर दिया। चिखुरी ने तुरंत वहां जाकर सारी चीजों को उलट-पलट कर देखा। वहां कुछ पिज्जा और ब्रेड के टुकड़े पड़े थे। वापस आकर वह निखुरी पर नाराज हुई, 'मुझे जिस बात का डर था, आज वही हो गया। ब्रेड पर फफूंद लगी है, जो जहरीली होती है। पिज्जा में मैदा है, जो हम गिलहरियों के लिए क्या इंसान के लिए भी हानिकारक है। फिर भी कुछ जिद्दी बच्चे ये सब खाकर अपनी सेहत खराब कर लेते हैं। एक तो तू ये खराब खाना खाती है, दूसरे कोई मेहनत नहीं करती। अब भुगत, मैं क्या करूं?' निखुरी ने चिखुरी से विनती की, 'मेरी अच्छी बहन, इस बार मुझे बचा ले। मैं वादा करती हूं, आगे से मैं वही करूंगी जो तू कहेगी।' यह कहकर निखुरी जोर-जोर से रोने लगी। चिखुरी को दया आ गई, वह बोली, 'पार्क के बाहर पेड़ पर एक गिलहरी दादी रहती हैं, उनसे बात करते हुए मुझे कुछ बातें पता चली थीं, वही तू कर। सबसे पहले तो खूब सारा पानी पी ले।' यह सलाह देकर चिखुरी जाकर सूरजमुखी के बीज लाई। उन्हें छील कर साफ पानी से भरे गड्ढे में डाल दिया। इसके बाद उसने धूप से गर्म हुए पीपल के पत्ते निखुरी के पेट पर रख दिए फिर भाग कर सौंफ के पत्ते और नरम-नरम शहतूत ले आई और निखुरी से बोली, 'जब तक तबियत ठीक न हो जाए, तब तक पानी ही ज्यादा पीना और भूख लगे तो नरम-नरम फल ही खाना।' चिखुरी की फुर्ती और समझदारी देखकर निखुरी हैरान रह गई। उसने मन में ठान लिया, वह आगे से कभी भी चबूतरे पर पड़ा खाना नहीं खाएगी। चिखुरी की तरह मेहनत करेगी, स्वच्छ और पौष्टिक आहार लेगी।' *

कविता
पूर्ति वैभव खरे



एआई इमेज

## घर का खाना

भानु! भालू बड़ा शौकीन,
खाता रहता सारे दिन।
नहीं है घर का खाना खाता
फास्ट-फूड उसे है भाता।
एक दिन उसकी सेहत बिगड़ी,
फिर भी न खाई उसने खिचड़ी।
डॉक्टर अंकल घर पर आए,
भानु को फिर वे समझाए।
'खाते नहीं तुम घर का खाना,
होगा तुम्हें अस्पताल में जाना।
तुममें नहीं है बिल्कुल ताकत,
आई बड़ी है तुमपे आफत।
आंखों से तुम्हें कम दिखता,
पेट तुम्हारा गड़बड़ लगता।
कड़वी-तीखी दवाई मैं दूंगा,
इंजेक्शन भी तुम्हें लगाऊंगा।'
यह सुनकर भानु घबराया,
हाथ जोड़कर वह चिल्लाया।
'अब खाऊंगा घर का खाना,
मुझे नहीं अस्पताल में जाना।'
तब डॉक्टर भानु से बोले,
अच्छी सेहत के राज यूं खोले
घर का खाना सबसे उत्तम,
सेहत बढ़िया रहेगी हरदम।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम पांच मिनट के अंदर इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ़ कर बताओ।





उत्तर: 1.बच्चे के हाथ में एप्पल की जगह चॉकलेट है। 2.बच्चे ने स्नीकर्स की जगह सैंडल पहने हुए हैं। 3.टेबल पर पानी की बोतल की जगह कोल्ड ड्रिंक रखी है। 4.टिफिन बॉक्स का कलर और उसमें रखा फूड आइटम्स बदले हुए हैं। 5.आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। 6.बच्चे की शर्ट और उसका डिजाइन बदला हुआ है।

## वर्ग पहेली

बच्चो, दिए गए चित्र में तुम फ्रूट्स को पहचानो और खाली ब्लॉक्स में इनकी सही स्पेलिंग के लेटर्स लिखकर इन फ्रूट्स के नाम पूरे करो।




उत्तर: ऊपर से नीचे: WATERMELON, BANANA
बाएं से दाएं: APPLE, ORANGE, PINEAPPLE

## खबर संक्षेप



### साई पैरेंटरल्स का शेयर बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** विविध 'फार्मास्यूटिकल फॉर्म्युलेशन' कंपनी साई पैरेंटरल्स लिमिटेड का शेयर अपने 392 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले तीन प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचबीद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 405 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 3.32 प्रतिशत अधिक है। वहीं एनएसई पर शेयर ने 400 रुपये पर कारोबार की शुरुआत की जो 2.04 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। एनएसई पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण 1,784.84 करोड़ रुपये रहा। साई पैरेंटरल्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शुक्रवार को बोली के अंतिम दिन 1.05 गुना अभिदान मिला था।

### पावरिका का शेयर 7 फीसदी गिरावट के साथ सूचीबद्ध




**दिल्ली।** पावर सॉल्यूशन प्रदाता पावरिका लिमिटेड का शेया अपने निर्गम मूल्य 395 रुपये के मुकाबले सात प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर 366 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 7.34 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। बीएसई पर इसने निर्गम मूल्य से 5.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 375 रुपये पर कारोबार की शुरुआत की। एनएसई पर कंपनी का बाजार मूल्यांकन 4,684.95 करोड़ रुपये रहा। पावरिका लिमिटेड के 1,100 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गत शुक्रवार को बोली के अंतिम दिन 1.45 गुना अभिदान मिला था। इसके लिए मूल्य दायरा 375-395 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।

# अमेरिका में 90 लाख नौकरियों पर एआई का साया! रिपोर्ट से उड़ी प्रोफेशनल्स की नींद

**अमेरिका की टफ्टस यूनिवर्सिटी की एक ताजा स्टडी से मची हलचल**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की ओर बढ़ रही है, लेकिन इसके साथ ही रोजगार को लेकर एक बड़ी चिंता भी सामने आ रही है। अमेरिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेजी से अर्थव्यवस्था, उद्योग और रोजगार के स्वरूप को बदल रहा है। टेक्नोलॉजी के इस विस्तार ने जहां नए अवसर पैदा किए हैं, वहीं कई पारंपरिक नौकरियों पर खतरा भी बढ़ा है।

अमेरिका एआई डेवलपमेंट में दुनिया के अग्रणी देशों में है। गूगल, माइक्रोसिफ्ट, ओपनएआई और मेटा जैसी कंपनियां एआई के क्षेत्र में बड़े स्तर पर काम कर रही हैं। इस बीच अमेरिका की टफ्टस यूनिवर्सिटी की एक ताजा स्टडी आई है। स्टडी में जो रिजल्ट सामने आया है, उसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। यह रिपोर्ट अमेरिका एआई जॉब रिस्क इंडेक्स पर आधारित है, जिसमें 700 से ज्यादा पेशों का विश्लेषण कर यह समझने की कोशिश की गई है कि कौन-सी नौकरियां सबसे ज्यादा जोखिम में हैं।

### दो से पांच वर्षों में होगी प्रभावित

रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले 2 से 5 वर्षों में करीब 90 लाख नौकरियां एआई के कारण प्रभावित हो सकती हैं।अमेरिका की टफ्टस यूनिवर्सिटी की यह स्टडी सिर्फ एक सामान्य रिपोर्ट नहीं है, बल्कि एआई और नौकरियों के भविष्य को समझने के लिए बनाई गई एक डेटा-आधारित मॉडलिंग स्टडी है। इसे अमेरिकन एआई जॉब रिस्क इंडेक्स कहा जाता है, जिसे यूनिवर्सिटी के रिसर्च सेंटर ने तैयार किया है।



### व्हाइट कॉलर नौकरियां भी होगी प्रभावित

यूनिवर्सिटी की यह स्टडी एक प्रकार की खतरे की घंटी है जो चेतावनी देती है कि आने वाले समय में नौकरी का संकट सिर्फ मजदूर वर्ग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि व्हाइट कॉलर नौकरियों को भी प्रभावित करने वाला है। स्टडी के अनुसार आने वाले 2 से पांच साल में करीब 9.3 मिलियन (लगभग 90 लाख) नौकरियां खतरे में आने वाली हैं और इनमें हर सेक्टर शामिल है।

### आर्थिक असर कितना बड़ा होगा?

इस बदलाव का आर्थिक असर भी बेहद बड़ा हो सकता है। 200 अरब डॉलर से लेकर 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक आय पर असर, कंपनियों में हायरिंग कम होने की संभावना, एंट्री-लेवल जॉब्स सबसे पहले प्रभावित, एआई के कारण कंपनियां कम कर्मचारियों में ज्यादा प्रोडक्टिविटी हासिल कर रही हैं, जिससे नई भर्तियों पर असर पड़ रहा है। अपनी नौकरी सुरक्षित रखने के लिए अब प्रोफेशनल्स को अब मल्टी-स्किलिंग की दिशा में भी काम करना चाहिए, यानी एक से ज्यादा स्किल्स सीखकर खुद को ज्यादा उपयोगी बनाना होगा।

## रुपया 156 पैसे मजबूत होकर 93.14 प्रति डॉलर पर

# आरबीआई के फैसले से रुपए की बदली तस्वीर, 12 साल में सबसे बड़ी तेजी दर्ज

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कड़े कदमों के बाद बृहस्पतिवार को रुपये में कई वर्षों की सबसे बड़ी एकदिवसीय तेजी दर्ज की गई और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 156 पैसे मजबूत होकर 93.14 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.62 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 188 पैसे चढ़कर 92.82 के उच्चस्तर तक पहुंच गया।

**मुद्रा विनिमय बाजार में 94.62 पर भाव खुला था**

सत्र के अंत में यह 156 पैसे यानी 1.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 93.14 प्रति डॉलर पर रहा। इससे पहले, रुपया सोमवार को 95 के स्तर के पार चला गया था। शुक्रवार को यह 94.84 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। हालांकि, उसके बाद आरबीआई की तरफ से उठाए गए कई कदमों ने इसे समर्थन दिया।

### बैंकों के लिए रुपए में सीमा 10 करोड़ डालर तय

आरबीआई ने 27 मार्च, 2026 को जारी परिपत्र के जरिये बैंकों के लिए रुपये में नेट ओपन पोजिशन की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय कर दी और 10 अप्रैल तक इसका अनुपालन अनिवार्य कर दिया। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने बैंकों को ऑनशोर फॉरवर्ड बाजार में गैर-वितरणीय डेरिवेटिव अनुबंध देने से भी रोक दिया है।



### विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध दोबारा नहीं होंगे शुरू

आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी रद्द किए गए विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध को दोबारा बुक करने की अनुमति नहीं होगी। इन कदमों का उद्देश्य रुपये पर सट्टा दबाव को कम करना है। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि इन नियामकीय कदमों के चलते बैंकों को अपनी ओपन पोजिशन कम करने के लिए डॉलर की बिक्री करनी पड़ी, जिससे रुपये को मजबूती मिली।

### 10 अप्रैल तक डॉलर की बिकवाली जारी रहने का अनुमान

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि यह 12 वर्षों के भीतर किसी एक कारोबारी सत्र में रुपये की सबसे बड़ी बढ़त है। इसके साथ 10 अप्रैल की समयसीमा तक बैंकों की ओर से डॉलर बिकवाली जारी रहने का अनुमान है। चौधरी ने कहा, ''हालांकि, विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये पर दबाव बना रह सकता है।''

### कच्चे तेल के महंगा होने का पड़ा असर

विदेशी मुद्रा बाजार मंगलवार को महावीर जयंती के कारण बंद रहे, जबकि बुधवार को बैंकों के वार्षिक लेखा समापन के चलते कारोबार नहीं हुआ। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.60 प्रतिशत बढ़कर 100.05 पर रहा। इस बीच, लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की वजह से अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.84 प्रतिशत चढ़कर 108 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया।

### रुपए में चार फीसदी से अधिक गिरावट आई

ईरान युद्ध की वजह से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से रुपये की कीमत में 28 फरवरी से चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह करीब 10 प्रतिशत कमजोर हुआ है। इस बीच, घरेलू शेयर बाजार में तेजी रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 8,331.15 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

# सेबी का शेयर पुनर्खरीद की मंजूरी दोबारा देने का प्रस्ताव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने कर ढांचे में बदलाव के बाद कंपनियों को शेयर पुनर्खरीद के लिए स्टॉक एक्सचेंज के जरिये खुले बाजार से खरीद की अनुमति फिर से देने का बृहस्पतिवार को प्रस्ताव रखा।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परामर्श पत्र में कहा है कि पुनर्खरीद का यह तरीका दोबारा शुरू करने से कंपनियों को पुनर्खरीद का एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। इसके साथ ही सार्वजनिक शेयरधारकों के लिए समान अवसर और कराधान का और तरीका भी सुनिश्चित होगा। स्टॉक एक्सचेंज के जरिये शेयरों की पुनर्खरीद को एक अप्रैल, 2025 से बंद कर दिया गया था। ऐसी आशंका थी कि 'कीमत-समय मिलान प्रणाली' के कारण कुछ निवेशक पुनर्खरीद का बड़ा हिस्सा हासिल कर लेते हैं, जबकि अन्य इच्छुक निवेशक इससे वंचित रह जाते हैं। इसके अलावा, पुराने कर ढांचे में शेयरधारकों के बीच कर संबंधी असमानता भी थी।

■ कंपनियां खुले बाजार से शेयर की पुनर्खरीद कर पाएगी



### वैश्विक बाजारों में होता है इस्तेमाल

सेबी ने यह भी कहा कि वैश्विक बाजारों में खुले बाजार के जरिये पुनर्खरीद का तरीका व्यापक रूप से इस्तेमाल होता है और इससे बेहतर मूल्य की तलाश, तरलता और पूंजी आवंटन की दक्षता बेहतर होती है। फिक्की और भारतीय निवेश बैंकर संघ (एआईबीआई) जैसे उद्योग संगठनों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। उनका कहना है कि इससे बाजार में बिकवाली का दबाव कम करने और निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### पुनर्खरीद के लिए अलग खिड़की की व्यवस्था संभव

इस प्रस्ताव के तहत स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से पुनर्खरीद के लिए अलग 'खिड़की' उपलब्ध कराई जा सकती है। सेबी ने इस पर 23 अप्रैल तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

## एसएलसीएम का आईपीओ लाने दस्तावेज जमा

**नई दिल्ली।** कृषि भंडारगृह कंपनी सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट (एसएलसीएम) ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए गोपनीय तरीके से अपने दस्तावेज जमा किए हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक सार्वजनिक सूचना में बताया कि उसने बाजार नियामक सेबी और शेयर बाजारों के समक्ष अपने प्रस्तावित आईपीओ के संदर्भ में दस्तावेज जमा कर दिए हैं। कृषि लॉजिस्टिक में प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं देने वाली इस कंपनी ने गोपनीय तरीके से दस्तावेज जमा करने का विकल्प चुना है। इस विशेष व्यवस्था के तहत कंपनी सेबी से अपने दस्तावेजों पर राय ले सकती है।

## कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल सातवीं बार 'वर्ल्ड्स बेस्ट हॉस्पिटल्स' की सूची में शामिल

**मुंबई।** देश की अग्रणी स्वास्थ्य संस्था कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने एक बार फिर वैश्विक स्तर पर अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए न्यूजवीक की 'वर्ल्ड्स बेस्ट हॉस्पिटल्स 2026' सूची में लगातार सातवें वर्ष स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि अस्पताल की उन्नत चिकित्सा सेवाओं और मरीज-केंद्रित दृष्टिकोण का प्रमाण मानी जा रही है। न्यूजवीक और स्टेटिस्टा द्वारा तैयार इस सूची में 32 देशों के 2,500 से अधिक अस्पतालों का मूल्यांकन किया गया। इस कठोर प्रक्रिया में चिकित्सा गुणवत्ता, मरीजों का अनुभव, सुरक्षा मानक और विशेषज्ञों की राय जैसे महत्वपूर्ण मानदंड शामिल रहे। अस्पताल का लगातार इस सूची में शामिल होना यह दर्शाता है कि वह अत्याधुनिक तकनीकों और नवाचारों को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतर रहा है। डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित जांच और रोबोटिक सर्जरी जैसी सुविधाओं के माध्यम से संस्थान आधुनिक चिकित्सा क्षेत्र में नई दिशा दे रहा है।



## वनस्थली विद्यापीठ का 90वां वार्षिकोत्सव संपन्न



**जयपुर।** वनस्थली विद्यापीठ का 90वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पुनीत लालभाई रहे, जिनका स्वागत पारंपरिक रीति-रिवाजों से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वनस्थली गीतिका और मंगलाचरण से हुई। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा विभिन्न शैक्षिक विभागों, कला प्रदर्शनी, घुड़सवारी, शूटिंग और फ्लाइंग क्लब की गतिविधियों का अवलोकन किया। छात्राओं द्वारा शास्त्रीय संगीत और राजस्थानी लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। कुलपति ईना आदित्य शास्त्री ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विद्यापीठ ने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने महिला शिक्षा और पंचमुखी शिक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए छात्राओं को वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**प्रथम निविदा विज्ञप्ति**

नि.क्र.41/न.पा.नि./जोन क्र.08/2025-26 बिलासपुर दिनांक 20.03.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा दिनांक 10.04.2026 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि राशि (लाखों में) | अमानत राशि (रु.) |
|---|---|---|---|
| 1 | जोन क्र. 08 अंतर्गत वार्ड क्र. 63 अरविंद नगर विभिन्न स्थानों पर नालियों में स्लैब निर्माण कार्य। | 5.01 | 5100 |

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी ज़ोन क्र.08 कार्यालय भवन सिटी बस डिपो प्रथम तल कोनी से अथवा निगम की वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, ज़ोन क्र.08
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/14 Raipur, date 01-04-2026

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/ Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/DSPM-KE/W/2025/218 | Making provision of ash slurry pit near ESP Unit #II along with upgradation of Hume pipe culvert at ESP of DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East E-Comp. No. 222217 | 7.47 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY

**मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज**
**(व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित**
वन भवन, ब्लाक -ए, भोपाल-462003 (मध्यप्रदेश)
दूरभाष : 2674349, 2760858, ई-मेल : mpmfpit@gmail.com
Website : www. mfpfederation.org

अधिसूचना क्रमांक ते.प.(2026)-II भोपाल, दिनांक : 02.04.2026

**वर्ष 2026 में मध्यप्रदेश में संग्रहित होने वाले तेंदूपत्ते के अग्रिम विक्रय हेतु ऑनलाइन निविदाओं की सूचना का सारांश**

(1) **ऑनलाइन निविदाओं का प्रस्तुतिकरण एवं खुलना :** निविदा दिनांक 07.04.2026 से प्रारंभ होकर दिनांक 09.04.2026 को सायंकाल 3.00 बजे तक केवल ई-प्रोक्यूरमेन्ट पोर्टल https://mfpfederation.abcprocure.com में ऑनलाइन जमा कर सकता है, जो दिनांक 09.04.2026 को सायंकाल 3.30 बजे से ऑनलाइन खोली जावेंगी।

(2) **सत्यंकार राशि :** क्रय क्षमता की 8 प्रतिशत राशि केवल ऑनलाइन द्वारा ई-प्रोक्यूरमेन्ट पोर्टल https://mfpfederation.abcprocure.com के माध्यम से।

(3) **पंजीयन :**
(i) निविदा हेतु वर्ष 2026 के लिये तेन्दूपत्ता के विनिर्माता/व्यापारी का मध्यप्रदेश के किसी वनमंडल (सामान्य) में पंजीयन आवश्यक।
(ii) समस्त इच्छुक निविदाकारों को ई-प्रोक्यूरमेन्ट पोर्टल https://mfpfederation.abcprocure.com पर दिये गये प्रक्रिया अनुसार ई-निविदा में भाग लेने हेतु पंजीकृत होना अनिवार्य है।

निविदा हेतु, निविदा सूचना मय निविदा फार्म, निविदाकार का करारनामा, लाट सूची तथा अन्य परिशिष्टों सहित दिनांक 04.04.2026 से केवल संघ की ऊपर दर्शित वेबसाइट अथवा ई-प्रोक्यूरमेन्ट पोर्टल https://mfpfederation.abcprocure.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं। संशोधन/सूचनायें उपरोक्त वेबसाइट तथा ई-प्रोक्यूरमेन्ट पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

ई-निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की सहायता हेतु कृपया हमारे सर्विस प्रोवाइडर e-Procurement Technologies Ltd., Ahmedabad से निम्न विवरण पर सम्पर्क करें।

दूरभाष क्रमांक : 7859800621, 6352631766
फैक्स क्रमांक : 079 4001 6816
ई-मेल : info@AbcProcure.com & Support@AbcProcure.com

म.प्र. माध्यम/125172/2026 प्रबंध संचालक

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6184



**बाएँ से दाए**
1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**
2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्जन, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 6183 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6194

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6193 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## मुकाबला आज चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रात 7:30 बजे से

# पंजाब किंग्स आत्मविश्वास से भरपूर सीएसके को पहली जीत की दरकार


इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 7वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स का सामना पंजाब किंग्स से आज 3 अप्रैल को एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। सीएसके को अपने पहले मैच में हार मिली थी, जबकि पंजाब किंग्स ने अपने शुरुआती मैच में जीत दर्ज की थी जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ।

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

ऐसे में रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली सीएसके अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगी वहीं पंजाब किंग्स अपनी जीत की लय को बरकरार रखने जी-तोड़ कोशिश करेगी। मुकाबला आज चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रात 7:30 बजे से खेला जाएगा।

### बराबरी का रहा है मुकाबला

अब तक दोनों टीमों के बीच मैचों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला है। आईपीएल में ये दोनों टीमें कुल 32 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 16 मैच सीएसके ने जीते और 16 ही मैच पंजाब किंग्स ने अपने नाम किए। आईपीएल 2025 की दोनों भिड़ंत में पंजाब किंग्स ने जीत दर्ज की थी। आईपीएल 2024 में दोनों टीमें 2 मुकाबलों में आपस में भिड़ी थी, जिसमें दोनों ने 1-1 मैच अपने नाम किए थे। सीएसके को अपने पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 8 विकेट से हार मिली थी। गुवाहटी में खेले गए उस मैच में सीएसके की टीम सिर्फ 127 रन पर सिमट गई थी। ऐसे में सीएसके अपने अगले मैच में बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।



### एमए चिदंबरम स्टेडियम की पिच का मिजाज

चेन्नई की पिच लाल मिट्टी से बनी है जो आमतौर पर स्पिनरों को मदद करती है। हालांकि, शुरुआती कुछ ओवरों में तेज गेंदबाजों को फायदा मिलता है। यहां की विकेट अमूमन सूखी और सख्त होती है जो मैच आगे बढ़ने के साथ और खराब होती जाती है। बल्लेबाजों को बड़े-बड़े शॉट्स लगाने के लिए नजरें जमाने होती है। हाउस्टेट के मुताबिक, आईपीएल में यहां पर पहली पारी का औसत स्कोर 163 रन है।

## धोनी जल्द कर सकते हैं वापसी, करने लगे प्रेक्टिस



**मुंबई।** महेंद्र सिंह धोनी की ट्रेनिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में चेन्नई सुपरकिंग्स टीम में उनकी जल्दी वापसी को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। धोनी चोट के कारण शुरुआती 2 हफ्तों से टूर्नामेंट से बाहर हैं। सीएसके ने बताया था कि वह रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और शुरुआती 4 मैच नहीं खेलेंगे, लेकिन नए वीडियो ने उनकी जल्दी वापसी की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। बता दें कि आईपीएल 2026 में सीएसके की शुरुआत निराशाजनक रही है। टीम को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पहले खेलते हुए 5 बार की चैंपियन टीम 19.4 ओवर में सिर्फ 127 रन पर सिमट गई और मैच हार गई।

### 2023 में भी लगी थी चोट

धोनी हाल के समय में चोटों से परेशान रहे हैं, जिसमें 2023 में सीएसके के खिताब जीतने के दौरान लगी चोट भी शामिल है। इसके बावजूद उन्होंने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उस पूरे सीजन में घुटने पर पट्टी बांधकर खेलने के बाद उन्होंने सर्जरी करवाई थी। पिछले साल उन्होंने सीएसके के लिए सभी 14 मैच खेले और 135.17 की स्ट्राइक रेट से 196 रन बनाए थे।

## क्लासेन के हरफनमौला खेल से सनराइजर्स ने केकेआर को 65 रन से हराया



**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के छठे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। ईडन गार्डन स्टेडियम में हुए मैच में एसआरएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 226/8 का स्कोर बनाया, जिसमें हेनरिक क्लासेन का अर्धशतक (52) शामिल रहा। जवाब में केकेआर की टीम अंगकृष रघुवंशी के अर्धशतक (52) के बावजूद लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रही।

### इस तरह से रोचक रहा मुकाबला

एसआरएच से पारी की शुरुआत करते हुए अभिषेक शर्मा (48) और ट्रेविस हेड (46) ने जोरदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद क्लासेन ने अर्धशतक लगाया। उनके अलावा नितीश रेड्डी की 39 रन की पारी खेली। केकेआर से ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 विकेट लिए। जवाब में फिन एलन (28) ने तेज शुरुआत दिलाई। इसके बाद रघुवंशी और रिंकू सिंह (35) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।

### अर्धशतक से चूके अभिषेक और हेड

अभिषेक ने पारी का 5वां ओवर करने आए वरुण चक्रवर्ती के खिलाफ 3 चौके और 2 छक्के लगाए। उम्दा लय में नजर आ रहे इस सलामी बल्लेबाज ने सिर्फ 21 गेंदों में 4 चौकों और इतने ही छक्के की मदद से 48 रन बनाए। उन्होंने ट्रेविस हेड के साथ 82 रन की साझेदारी की। हेड 21 गेंदों में 46 रन बनाकर आउट हुए।

### क्लासेन का आईपीएल में 8वां अर्धशतक

एसआरएच ने 111 रन के स्कोर पर जब अपना दूसरा विकेट खोया, तब क्लासेन क्रीज पर आए। क्रीज पर टिकने के बाद इस दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने अपनी रन गति में इजाफा किया और 34 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 35 गेंदों में 52 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने नितीश रेड्डी (39) के साथ मिलकर 82 रन की साझेदारी की।

### मुजरबानी ने चटकाए 4 विकेट

मुजरबानी ने अपने दूसरे ओवर में विपक्षी कप्तान ईशान किशन और अभिषेक शर्मा के विकेट चटकाए। उन्होंने अपने चौथे और पारी के 20वें ओवर में 2 सफलताएं हासिल की। मुजरबानी अब केकेआर की ओर से एसआरएच के खिलाफ दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज बन गए। बता दें कि एसआरएच के विरुद्ध केकेआर से सबसे बेहतर प्रदर्शन का रिकॉर्ड प्रसिद्ध कृष्णा (4/30, 2018) के नाम पर दर्ज है।

## आदित्य एशियाई चैंपियनशिप में आगे बढ़े

**उलानबटोर (मंगोलिया)।** भारतीय मुक्केबाज आदित्य ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहौसाव के खिलाफ पूरे मुकाबले में नियंत्रण बनाए रखा और 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। आदित्य ने इस साल जनवरी में नौवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। आदित्य को अगले दौर में उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह मदामिनोव की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। इस प्रतियोगिता में पूरे महाद्वीप के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## न्यूजीलैंड, बांग्लादेश व इंग्लैंड के साथ टेस्ट, वनडे व टी-20 सीरीज खेलेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम, शेड्यूल जारी

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने आगामी सत्र (2026-27) के लिए अपने कार्यक्रम की घोषणा की है। इसमें कंगारू टीम को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ बेहद व्यस्त कार्यक्रम के तहत 4 टेस्ट मैच खेलने हैं, जिसमें 26 दिसंबर से शुरू होने वाला बॉक्सिंग-डे टेस्ट भी शामिल है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज और इंग्लैंड के विरुद्ध वनडे और टी-20 सीरीज की मेजबानी करनी है।

9 दिसंबर से खेली जाएगी टेस्ट सीरीज

न्यूजीलैंड की टीम 1999 के बाद पहली बार 3 से ज्यादा टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और कीवी टीम के बीच 9 दिसंबर से पर्थ स्टेडियम में सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। इसके बाद एडिलेड में 17 दिसंबर से दूसरा टेस्ट, मेलबर्न में 26 दिसंबर से तीसरा बॉक्सिंग-डे टेस्ट खेला जाना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथा और आखिरी टेस्ट सिडनी (4-8 जनवरी) में खेला जाना है।



**बांग्लादेश व इंग्लैंड के ऑस्ट्रेलिया के मैच का शेड्यूल**

**बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज :**
पहला टेस्टः 13 - 17 अगस्त, मरारा स्टेडियम। दूसरा टेस्टः 22 - 26 अगस्त, ग्रेट बैरियर रीफ एरिना

**इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज :**
13 नवंबरः पर्थ स्टेडियम, पर्थ। 15 नवंबरः एडिलेड ओवल, एडिलेड। 18 नवंबरः बेलेरिव ओवल, होबार्ट।

**इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज़:**
21 नवंबरः मेलबर्न। 24 नवंबरः गोल्ड कोस्ट स्टेडियम, गोल्ड कोस्ट। 27 नवंबरः द गाबा, ब्रिस्बेन। 29 नवंबरः सिडनी। 2 दिसंबरः मनुका ओवल।

**150वीं वर्षगांठ पर इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट मैच**
टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मार्च 2027 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पिंक गेंद से एकमात्र डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार, यह मैच 11-15 मार्च तक खेला जाएगा। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 1877 में इसी मैदान पर पहला टेस्ट मैच खेला गया था और 2027 में इसकी 150वीं वर्षगांठ होगी।

## आंध्र प्रदेश, मिजोरम, दिल्ली सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में जीते

**राजगीर।** आंध्र प्रदेश, मिजोरम और दिल्ली ने बृहस्पतिवा को यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में 16वीं सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शानदार जीत दर्ज की। दिन के पहले मैच में डिवीजन सी के पूल ए में आंध्र प्रदेश ने पुडुचेरी के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। इसी डिवीजन में मिजोरम ने असम को 6-0 से हराया।



### बी पूल में दिल्ली-तेलंगाना जीतीं

डिवीजन बी के पूल ए में दिल्ली ने एकतरफा मुकाबले में बंगाल के खिलाफ 9-1 से जीत दर्ज की। इसी पूल में तेलंगाना ने गुजरात को 20-0 से करारी शिकस्त दी जिसमें अमित दयाल ने 10 गोल दागे।डिवीजन बी के पूल बी में कर्नाटक और अरुणाचल प्रदेश के बीच मैच 2-2 से ड्रॉ रहा। इसी पूल के दिन के आखिरी मैच में छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को 7-2 से हराया।

आईपीएल

## धोनी ने जीते 136 मैच, अय्यर ने 51, तीसरे नंबर पर पांड्या



एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में रोमांचक मैच हो रहे हैं। इन मैचों में किसी टीम को जीत तो किसी टीम को हार का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि यह जीत-हार भले ही टीम के खिलाड़ियों के सामंजस्य के कारण हो लेकिन जीत का श्रेय कप्तान को मिलता है वहीं हार का ठीकरा भी कप्तान के सिर पर ही फूटता है। आईपीएल के इतिहास में देखा जाए तो कई टीमों के कप्तान भी बदल गए लेकिन जिन खिलाड़ियों की कप्तानी में टीमें जीती हैं उनमें महेंद्र सिंह धोनी आज भी नंबर वन पर हैं।

### महेंद्र सिंह धोनी

इस सूची में चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पहले नंबर पर काबिज हैं। आईपीएल इतिहास में उनका जीत प्रतिशत 58.36 का रहा है। उन्होंने इस लीग में कुल 235 मैचों में कप्तानी की है, जिनमें से उन्हें 136 में जीत मिली है और 97 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह उन्होंने कुल 122 मुकाबलों में टॉस भी जीता है। उनका टॉस जीत का प्रतिशत 51.91 का रहा है।

### श्रेयस अय्यर

आईपीएल इतिहास में 50 से अधिक मैचों में कप्तानी करते हुए श्रेयस अय्यर का जीत प्रतिशत 59.30 का हो गया है। उन्होंने इस लीग में अब तक कुल 88 मैचों में कप्तानी की है, जिनमें से उन्हें 51 में जीत मिली है और 35 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह उन्होंने कुल 49 मुकाबलों में टॉस भी जीता है। उनका टॉस जीत का प्रतिशत 55.68 का रहा है।


### हार्दिक पांड्या

इस सूची में मुंबई इंडियंस के मौजूदा कप्तान हार्दिक पांड्या तीसरे पायदान पर काबिज हैं। आईपीएल 2026 के पहले मुकाबले में जीत के बाद उनका जीत प्रतिशत 59.01 का हो गया है। उन्होंने कुल 60 मैचों में कप्तानी की है, जिनमें से उन्हें 35 में जीत मिली है और 25 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह उन्होंने कुल 36 मुकाबलों में टॉस भी जीता है। उनका टॉस जीत का प्रतिशत 60 का रहा है।

## गोवा, बंगाल, चंडीगढ़, उत्तराखंड की टीमें महिला सबजूनियर राष्ट्रीय हॉकी में जीतीं

एजेंसी ▶▶ रांची

गोवा, बंगाल, चंडीगढ़ और उत्तराखंड ने बृहस्पतिवार को यहां सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन अपने-अपने मैच जीते। गोवा ने डिवीजन सी पूल ए के मैच में तेलंगाना को 6-3 से, बंगाल ने डिवीजन बी पूल ए के मैच में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव को 1-0 से हराया, जबकि चंडीगढ़ ने डिवीजन बी पूल बी के मैच में गुजरात को 12-1 से करारी शिकस्त दी। डिवीजन बी पूल बी मैच के एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने कर्नाटक को 6-1 से हराया।



### गोवा ने तेलंगाना को 6-3 से हराया

गोवा की कप्तान डेलिना मेंडेस (40वें और 41वें मिनट) और बर्टिला केरकेट्टा (48वें और 52वें मिनट) ने दो-दो गोल किए, जबकि सीमा तिर्की (तीसरे मिनट) और विद्या कुमारी (16वें मिनट) ने भी गोल दागे। तेलंगाना की ओर से आनंदी महानंद (30वें और 36वें मिनट) और नव्याश्री अकुला (15वें मिनट) ने गोल दागे।

### इन खिलाड़ियों ने दागे रोमांचक गोल

बंगाल के लिए कप्तान पूजा कुमारी साव (21वें मिनट) ने दूसरे क्वार्टर में विजयी गोल दागा। चंडीगढ़ की तरफ से कप्तान काफी (38वें, 46वें, 55वें और 60वें मिनट), अनु (नौवें और 30वें मिनट), आंचल (12वें और 14वें मिनट), नैन्सी कश्यप (13वें और 18वें मिनट), भावना (10वें मिनट) और यास्मीन शर्मा (20वें मिनट) ने गोल दागे।

### उत्तराखंड की करीना ने लगाई हैट्रिक

गुजरात के लिए कप्तान नियति परमार (23वें मिनट) ने एकमात्र गोल दागा। उत्तराखंड की ओर से करीना (10वें, 12वें और 17वें मिनट) ने शुरुआती हैट्रिक बनाई, जबकि कप्तान मीनाक्षी (सातवें मिनट), देवयानी जोशी (53वें मिनट) और दीया (60वें मिनट) ने भी गोल दागे।

## ब्लूबाउम ने प्रज्ञाननंदा को ड्रॉ पर रोका, सिंदारोव ने बढ़त बनाई

**पाफोस (साइप्रस)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के साथ ड्रॉ खेला, जबकि उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली। जिससे उनके अंकों की संख्या 3.5 हो गई है। इससे वह इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश के साथ खिताबी मुकाबले में खेलने के प्रबल दावेदार बन गए हैं। प्रज्ञाननंदा ने ब्लूबाउम के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए ड्रॉ हासिल किया। दिन के अन्य दो मैचों में अनीश गिरी ने रूसी खिलाड़ी एंड्री एसेपेंको को हराया, जबकि चीन के वेई यी ने अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के साथ ड्रॉ खेला।


**MUNICIPAL CORPORATION DHAMTARI (C.G.)**

NIT No./470 dated. 23.03.2026
Tender System No. 187657

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
NOTICE INVITING TENDER

Commissioner, Municipal Corporation Dhamtari invites online Tenders on Form "F" (Lump-Sum) From contractors registered in appropriate class in "unified Registration system e-Registration" PWD Chhattisgarh Govt. of C.G./Firms of repute for following work:-

| S. No | Name of work | Probable amount of contract (Rs. In Lakh) | Earnest Money (Rs. in Lakh) | Period of completion | Class of contractor | Bid submission fees | Validity of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction/Balance Work of 182 Unit EWS Housing Blocks By Convenstional technologies Including Infrastructure Development Complete At Mahimasagar Ward - Aarohi Builders Colony. & Vindhyawasini Ward - IDSMT Plot | 674.43 | 3.38 | 24 months (excluding rainy season) | Class 'B' & Above (Unified Registration System E Registration & Firms of repute) | Demand Draft of Rs. 10000.00 | 180 days from date of opening of financial offer |

Commissioner
Municipal Corporation Dhamtari (C.G.)

**केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर**
KENDRIYA VIDYALAYA BAIKUNTHPUR
रामपुर, पोस्ट - बैकुंठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)
Rampur, Post - Baikunthpur, Distt. Korea (C.G.)
Website: seclbaikunthpur.kvs.ac.in
E-mail: baikunthpurkv@gmail.com

प्रवेश सूचना

केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षाओं 2, 5, 6, 7, 10 तथा 12 में कुछ सीट रिक्त हैं। रिक्तियों पर प्रवेश हेतु ऑफ़ लाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। प्रवेश हेतु पंजीयन फॉर्म विद्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। पूर्णतः भरे हुए फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यदिवस में दिनांक 08.04.2026 तक प्रातः 08.30 से दोपहर 02, 00 बजे तक विद्यालय में जमा किये जा सकते हैं। समस्त प्रवेश केन्द्रीय विद्यालय संगठन की प्रवेश मार्गदर्शिका 2026-27 में निहित प्रावधानों के आधीन होंगे।

प्राचार्य

**केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रायपुर**
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार
प्लॉट नं. 48, उरकुरा रेल्वे स्टेशन के पास, औद्योगिक क्षेत्र, भनपुरी, रायपुर-493221, दूरभाष : 0771-6673002
ईमेल : raipur@cipet.gov.in, vtc-raipur@cipet.gov.in, वेबसाईट : www.cipet.gov.in
सिपेट CIPET
SECL South Eastern Coalfields Limited

सिपेट, रायपुर द्वारा प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग के क्षेत्र में साउथ ईस्टर्न कोल्डफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), बिलासपुर द्वारा प्रायोजित छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत एसईसीएल खनन प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेरोजगार युवक-युवतियों हेतु निःशुल्क आवासीय रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाना है। जिसके अंतर्गत निम्नलिखित पाठ्यक्रम हेतु आवेदन आमंत्रित है:-

**निःशुल्क आवासीय रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| क्र. | विवरण | अवधि | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | आयु |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मशीन ऑपरेटर - प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग/ मशीन ऑपरेटर - इंजेक्शन मोल्डिंग/ मशीन ऑपरेटर-ब्लो मोल्डिंग/ मशीन ऑपरेटर - प्लास्टिक्स एक्स्ट्रूजन/ मशीन ऑपरेटर - टूलरूम | 600 घंटे/ (120 दिन) | • ग्यारहवीं कक्षा उत्तीर्ण • दसवीं कक्षा उत्तीर्ण या समकक्ष, 1.5 वर्ष का पासंगिक अनुभव • आठवीं कक्षा उत्तीर्ण या समकक्ष, 4.5 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव • पिछला प्रासंगिक NSQF लेवल-3 के साथ 1.5 वर्ष का समकक्ष अनुभव | 18-28 वर्ष |
| 2. | मशीन ऑपरेटर एवं प्रोग्रामर - सीएनसी लेथ/मशीन ऑपरेटर एवं प्रोग्रामर - सीएनसी मीलिंग | 660 घंटे/ (130 दिन) | • बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा समकक्ष • दसवीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा 2 वर्ष का (NTC/NAC) समकक्ष अनुभव • ग्यारहवीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा 1.5 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव • दसवीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा 3 वर्ष का समकक्ष अनुभव • पिछला प्रासंगिक NSQF लेवल-3.5 के साथ 1.5 वर्ष का समकक्ष अनुभव | |

आवश्यक योग्यता :-
- **आयु सीमा में छूट** : अ.जा./अ.ज.जा. हेतु 05 वर्ष तथा अ.पि.व. हेतु 03 वर्ष।
- **प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के खनन प्रभावित जिला जैसे बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर तथा एस.ई.सी.एल. के अंतर्गत अन्य खनन प्रभावित जिले के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जायेगी।**
- **प्रशिक्षण, आवास एवं भोजन** : प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सामग्री, आवास एवं भोजन निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।
- **वजीफा (छात्रवृत्ति)** : सफलतापूर्वक प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण किये जाने वाले प्रशिक्षणार्थियों को रु. 1500/- प्रतिमाह वजीफा (छात्रवृत्ति) प्रदान किया जावेगा।
- **आवेदन प्रक्रिया** : योग्य उम्मीदवार आवेदन-पत्र के साथ दस्तावेजों की फोटो कॉपी जैसे - अंकसूची, परिचय पत्र/आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा पासपोर्ट साईज फोटो सिपेट, रायपुर को ई-मेल/ Whatsapp No. 9993788497, 8770883497, 7299668110 के माध्यम से भेज सकते हैं।
- **चयन प्रक्रिया** : (i) उम्मीदवार का चयन काउंसलिंग के आधार पर किया जायेगा। (ii) काउंसलिंग हेतु आने पर किसी भी प्रकार का TA/DA प्रदान नहीं किया जायेगा। (iii) काउंसलिंग के समय मूल प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।
- प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को देश की विभिन्न प्लास्टिक्स अथवा मेन्युफेक्चरिंग इंडस्ट्रीज में रोजगार दिया जायेगा।
- उक्त प्रशिक्षण साउथ ईस्टर्न कोल्डफील्ड्स लिमिटेड, बिलासपुर/सी.एम.पी.डी.आई. या उसके किसी भी सहायक इकाई में रोजगार पाने की पात्रता नहीं रखता है।

प्रधान निदेशक एवं प्रमुख

**आवेदन प्रक्रिया एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : 9993788497, 8770883497, 7299668110**




# छोटे-से कुएं से होती है इस नदी की शुरुआत, सोना ढूंढने आते हैं लोग



रांची। झारखंड की राजधानी रांची से महज 15-16 किलोमीटर दूर नगड़ी गांव में एक छोटा सा कुआं है, जिसका नाम है रानी चुआं। इसी कुएं से निकलती है भारत की वो अनोखी नदी जिसका नाम सुनकर हर कोई हैरान रह जाता है– स्वर्णरेखा नदी। स्वर्ण यानी सोना और रेखा यानी लाइन, यानी सोने की रेखा। सचमुच इस नदी की रेत में सूक्ष्म सोने के कण मिलते हैं और आज भी लोग यहां सोना निकालकर अपनी किस्मत आजमाते हैं। स्वर्णरेखा नदी की कुल लंबाई करीब 474 किलोमीटर है। लेकिन, सबसे खास बात तो इसके उद्गम स्थल से जुड़ी है, जो है एक छोटा सा कुआं।



### क्या है वैज्ञानिक कारण?

वैज्ञानिकों के अनुसार, नदी भू-वैज्ञानिक रूप से खनिज समृद्ध क्षेत्र से गुजरती है। चोटानागपुर पठार में सोने वाले चट्टान हैं। नदी का बहाव इन चट्टानों को काटता है और सोने के सूक्ष्म कण पानी के साथ बहकर रेत में जमा हो जाते हैं। यह प्रक्रिया सदियों से चल रही है। महाभारत काल से भी इस नदी का जिक्र मिलता है। किंवदंती है कि अर्जुन ने तीर चलाकर पानी निकाला था और उसी के साथ सोने के कण भी आए थे। नगड़ी के पास पिस्का गांव में पहले सोने की खदान भी थी। बाद में नदी की रेत में सोना मिलने लगा। आज भी कई परिवार इस काम पर निर्भर हैं। वे नदी की रेत को घर ले जाते हैं, धोते हैं और फिर छोटे-छोटे कण इकट्ठा करके स्थानीय बाजार या सुनारों को बेच देते हैं। कुछ लोग तो पूरे परिवार के साथ नदी किनारे डेरा डालकर दिन-रात मेहनत करते हैं।

### मिलते हैं सोने के कण


यह नदी छोटानागपुर पठार से शुरू होकर झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से गुजरती हुई अंत में बंगाल की खाड़ी में समा जाती है। नदी का उद्गम स्थल इतना अनोखा है कि लोग दूर-दूर से इसे देखने आते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस कुएं से पहले सोना निकलता था, इसी वजह से नदी का नाम स्वर्णरेखा पड़ा है। नगड़ी गांव के आसपास और नदी के किनारे खासकर रत्नगढ़ क्षेत्र में सोने के कण सबसे ज्यादा मिलते हैं। आदिवासी समुदाय और स्थानीय मजदूर सुबह से शाम तक नदी की रेत को छानते रहते हैं। वे पारंपरिक तरीके से बाल्टी, छलनी और लकड़ी के उपकरणों की मदद से रेत धोते हैं। इसमें से छोटे-छोटे सोने के कण अलग होते हैं। एक महीने में कोई 60 से 80 कण निकाल लेता है, तो किसी की किस्मत और अच्छी चल जाती है। कई लोग बताते हैं कि अच्छे दिन में 200 से 400 रुपए तक का सोना एक दिन में मिल जाता है।

## पहाड़ों की हवा को बोतल में किया कैद, अब दिल्ली में बेच रहा युवक

**नई दिल्ली।** आज के समय में लोग पैसा कमाने के लिए लोग नए-नए और अनोखे एक्सपेरिमेंट करते रहते हैं। लेकिन, कभी-कभी कोई साधारण सा सोच भी इतना अलग होता है कि वह सभी का ध्यान खींच लेता है। ऐसा ही एक दिलचस्प मामला सामने आया है, जहां एक लड़के ने अपनी समझदारी और थोड़ी क्रिएटिव सोच से सबके लिए उपलब्ध हवा को ही बेच दिया, जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। दरअसल, एक वीडियो बहुत वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि एक लड़के ने लोगों से पूछा कि क्या हवा बेचा जा सकता है? वह घूमने के लिए हिमाचल प्रदेश गया था। वहां की ठंडी हवा, हरियाली और शुद्ध वातावरण ने उसे बहुत प्रभावित किया। पहाड़ों की ताजी हवा का अनुभव उसके लिए बिल्कुल अलग और सुकून देने वाला था। इसी दौरान उसके मन में एक अनोखा ख्याल आया क्यों न इस ताजी हवा को किसी तरह अपने साथ ले जाया जाए और इसे बेचा जाए?




## रोचक खबरें



### भारत की वो जनजाति, जो 55000 साल से रहती है आइलैंड पर

नई दिल्ली। इंसानी सभ्यता के विकास की दौड़ में जहां हम चांद और मंगल तक पहुंच गए हैं, तो दूसरी ओर दुनियाभर में कई ऐसी जनजातियां हैं, जिनके बारे में ही बहुत कम लोगों को पता है। अमेजन के घने जंगलों से लेकर अंडमान आइलैंड तक रहने वाले ये ट्राइब्स आज भी मुख्यधारा से कटे हुए हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही भारतीय जनजाति के बारे में बताने जा रहे हैं, जो अंडमान निकोबार द्वीप समूह पर रहती है। इस ट्राइब का नाम जारवा है। वैज्ञानिकों और इतिहासकारों का मानना है कि यह कबीला पिछले 55,000 सालों से इन जंगलों में रह रहा है। अफ्रीका से निकली मानव सभ्यता की यह सबसे पुरानी जीवित कड़ियों में से एक है। साल 1990 के दशक तक इस जनजाति का बाहरी दुनिया से कोई संपर्क नहीं था और वे पूरी तरह से प्रकृति की गोद में अपनी शर्तों पर जी रहे थे। लेकिन, जैसे-जैसे आधुनिक दुनिया इनके करीब पहुंची, इनके अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे।

**आदिम तरीके से जीते हैं लाइफ को -** रिपोर्ट्स के मुताबिक, जारवा ट्राइब्स से जुड़े लोग आज भी आदिम तरीके से अपनी लाइफ को जीते हैं। वे अपने खान-पान के लिए खेती नहीं करते, बल्कि पूरी तरह शिकार और जंगल से मिलने वाले फल-फूलों पर निर्भर हैं। धनुष-बाण इनके मुख्य हथियार हैं, जिनसे वे जंगली सुअर, कछुओं और मछलियों का शिकार करते हैं। उनके पास जंगल की जड़ी-बूटियों का इतना गहरा ज्ञान है कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी उसे देखकर हैरान रह जाता है। लेकिन विडंबना देखिए, जिस बाहरी दुनिया को हम सभ्य कहते हैं, उसी ने इन मासूम लोगों को एक तमाशा बना दिया. जारवा जनजाति के साथ होने वाली बदसलूकी का सबसे घिनौना चेहरा साल 2012 में तब सामने आया, जब एक ब्रिटिश अखबार ने ह्यूमन सफारी का भंडाफोड़ किया. एक वीडियो लीक हुआ, जिसमें दिखाया गया कि कैसे कुछ पुलिसकर्मी और गाइड जारवा महिलाओं को खाने के बदले नाचने पर मजबूर कर रहे थे। बाहरी लोग इस जनजाति के लोगों को चिड़ियाघर के जानवरों की तरह देखते थे और बिस्कुट या फल फेंककर उनकी तस्वीरें खींचते थे। यह एक पूरी संस्कृति का अपमान था। इस घटना के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की काफी किरकिरी हुई और सुप्रीम कोर्ट ने अंडमान ट्रंक रोड पर पर्यटकों की आवाजाही को लेकर कड़े निर्देश दिए।




Ajay Advt.


# ईसा मसीह के 'कफन' में मिला भारतीय कनेक्शन!

## रहस्यमयी कफन के डीएनए टेस्ट में बड़ा खुलासा; क्या भारत आए थे जीसस?

**नई दिल्ली।** ईसा मसीह के रहस्यमयी कफन को लेकर एक चौंकाने वाला वैज्ञानिक खुलासा हुआ है। एक नई स्टडी में दावा किया गया है कि इस कफन पर पाए गए डीएनए के अंश भारतीय मूल से जुड़े हुए हैं। सदियों से रहस्य बना हुआ पवित्र कपड़ा एक बार फिर चर्चा में है। ट्यूरिन का कफन को कई लोग ईसा मसीह का कफन मानते हैं। अब इसको लेकर हुई नई रिसर्च ने कई पुराने सवालों को एक बार फिर से जिंदा कर दिया है। 4.4 मीटर लंबे इस लिनन के कपड़े पर एक धुंधली आकृति बनी है, जो किसी घायल पुरुष की लगती है। अब वैज्ञानिकों ने इसके डीएनए की जांच की है, जिसमें इसके तार भारत से जुड़े होने की बात सामने आ रही है। जिसके बाद अब यह मामला सिर्फ आस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विज्ञान के लिए भी एक बड़ी पहेली बन गया है। यह रिसर्च इस कपड़े की हजारों साल लंबी यात्रा और इसके 'ग्लोबल' सफर की नई कहानी बयां कर रही है। श्राउड ऑफ ट्यूरिन



एक लंबा कपड़ा है, जिस पर एक इंसान की हल्की-सी छवि नजर आती है। कई लोग मानते हैं कि यह वही कपड़ा है, जिसमें सूली पर चढ़ाए जाने के बाद यीशु मसीह के शरीर को लपेटा गया था। इसी वजह से यह कपड़ा धार्मिक रूप से बेहद अहम माना जाता है। लेकिन, इसकी सच्चाई क्या है, इसे लेकर हमेशा बहस होती रही है?




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com